आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹88428/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹108000/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹117892/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025


**भारत की बेटियों का बल्ला बोला**


स्मृति मंधाना
45 रन/58 गेंद


दीप्ति शर्मा
58 रन/58 गेंद


ऋचा घोष
34 रन/24 गेंद






## 52 साल का इंतजार खत्म अब रचा इतिहास

# साहस...सपना और संघर्ष बेटियों ने ज़ीता 'विश्व'


ऐसा रिकॉर्ड: भारत ने 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 298 रन बनाकर इतिहास रच दिया। यह किसी भी विश्वकप फाइनल में भारत का सबसे बड़ा स्कोर है।

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है। आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार ये खिताब भारतीय बेटियों ने अपने नाम किया है। 52 साल के विश्व कप इतिहास में तीसरी बार भारतीय महिला टीम ने वर्ल्ड कप फाइनल में प्रवेश किया था और आखिरकार इस बार हरमन ब्रिगेड ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के सामने 299 रनों का लक्ष्य रखा था। शेफाली और दीप्ति ने फिफ्टी जड़ी थी, लेकिन इसके जवाब में उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 246 पर सिमट गई। भारत ने 52 रनों से ये मुकाबला अपने नाम कर लिया। दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट झटके। ये खिताबी मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शेफाली के 87 और दीप्ति के 58 रनों के दम पर 298 रन बनाए थे, लेकिन साउथ अफ्रीका की टीम इसे चेज नहीं कर सकी।

### टीम इंडिया की जीत के बाद रायपुर के जयस्तंभ चौक पर जश्न के लिए उमड़ा सैलाब





**शेफाली ने खेली गजब की पारी**
- 87 रन
- 78 गेंद
- 7 चौके
- 2 छक्के
- 2 विकेट

### वंदे मातरम, मां तुझे सलाम से गूंजा स्टेडियम

भारतीय खिलाड़ियों ने भावनाओं पर काबू रखने की कोशिश की लेकिन पूरा स्टेडियम जब 'वंदेमातरम, मां तुझे सलाम और लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो'.. गाने को एक सुर में गाना शुरू किया तो यहां मौजूद किसी के लिए भी भावनाओं को काबू में रखना मुश्किल था। स्टेडियम में मौजूद पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और वीवीएस लक्ष्मण भी भारतीय तिरंगे को लहराते दिखे।

#### तीन बेटियों ने पलट दिया गेम

फाइनल में भारतीय टीम की जीत में तीन खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। वहीं अमनोजत ने बेहतरीन फील्डिंग का नजार पेश किया। अमनजोत ने ताजमिन ब्रिट्स को रनआउट किया और लॉरा वोलवार्ट का कैच लपका। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 87 रन बनाए और दो विकेट झटके।

#### मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्वविजेता बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण और अदम्य जज़्बे से देश का नाम रोशन किया है।

### दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम इंडिया बनी विश्वकप विजेता

**पीएम मोदी ने भारतीय टीम को दी बधाई**




**महिला विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन (भारतीय)**

- स्मृति मंधाना- 434 रन (9 इनिंग्स, 2025)
- मिताली राज- 409 रन (9 इनिंग्स, 2017)
- पूनम राउत- 381 रन (9 इनिंग्स, 2017)
- हरमनप्रीत कौर- 359 रन (8 इनिंग्स, 2017)
- स्मृति मंधाना- 327 रन (7 इनिंग्स, 2022)

**मैन ऑफ द मैच- शेफाली वर्मा**

**मैन ऑफ द सीरीज- दीप्ति शर्मा**

#### स्मृति ने रचा इतिहास

स्मृति ने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। स्मृति 45 रनों की पारी के दौरान एक बड़ा रिकॉर्ड बना गईं। स्मृति अब महिला वनडे वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बैटर बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## छग की बेटियां भी दहाड़ने को तैयार

*कभी टी-20 में 50 रन पर सिमटने वाली छग महिला टीम अब कर रही 200 रन का टार्गेट पार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि तत्काल

*इंडियन महिला क्रिकेट टीम की तरह ही छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेट टीम ने भी बीते 10 वर्षों में खेल की स्किल और तकनीक में जबरदस्त सुधार किया है। यही वजह है कि अब छत्तीसगढ़ की टीम बीसीसीआई के बोर्ड मैचों में टॉप-10 में जगह बना चुकी है।*

*छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के लिए महिला टीम को तैयार करने से लेकर उसे इस मुकाम तक पहुंचाने का सफर आसान नहीं रहा। एसोसिएशन के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि टीम बनाने के शुरुआती दिनों में बड़ी चुनौती खिलाड़ियों की संख्या थी। उस वक्त टीम में केवल 12 से 15 महिला क्रिकेटर ही होती थीं, जिससे प्रैक्टिस मैच भी उन्हीं के बीच कराने पड़ते थे। वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम के पास 60 से अधिक रजिस्टर्ड खिलाड़ी* ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### घरेलू मैच में मानदेय कम लेकिन प्राइज मनी अधिक

*इंटरनेशनल स्तर पर महिला क्रिकेटर्स को अब पुरुष खिलाड़ियों की तरह वेतन मिलने लगा है, जो एक सराहनीय और जरूरी पहल है। हालांकि घरेलू स्तर पर अभी भी बोर्ड में पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में महिला क्रिकेटरों को कम मानदेय मिलता है। खिलाड़ियों का मानना है कि यह अंतर भी जल्द ही खत्म होगा और महिला खिलाड़ियों को भी समान अवसर और सम्मान मिलेगा। महिला क्रिकेट की यह रफ्तार आने वाले वर्षों में और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। खिलाड़ियों का कहना है कि महिला क्रिकेट को लेकर अब एक्सपोजर भी काफी बढ़ा है। आज अगर हम अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हमें प्राइज मनी भी मिलती है, जो खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन बन गया है।*



## नए भवन में 15 दिसंबर से शीत सत्र, एक दिन का विशेष सत्र भी!

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने के बाद अब विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से बुलाने की तैयारी चल रही हे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर एक दिन का विशेष सत्र बुलाए जाने की खबर है। इसका आयोजन नियमित सत्र प्रारंभ होने से एक दिन पहले होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सूत्रों के अनुसार नए विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र बुलाए जाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। 15 दिसंबर से एक सप्ताह के सत्र का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। सत्र के संबंध में राजभवन को जल्द ही पत्र लिखा जाएगा। सत्र के लिए 15 नवंबर तक अधिसूचना जारी किए जाने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नए विधानसभा के लोकार्पण के बाद सत्र बुलाने के संबंध में चर्चा शुरू कर दी है। सत्र के संबंध में यह भी कहा जा रहा है कि रजत जयंती वर्ष को लेकर विशेष सत्र ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### रजत जयंती पर सदन में एक दिन होगी विशेष चर्चा



#### नए भवन में बदलेगी बैठक व्यवस्था

नए विधानसभा भवन के सदन में 90 विधायकों की बैठक व्यवस्था नए सिरे से की जाएगी। भविष्य में विधायकों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए इसे 200 विधायकों के हिसाब से इसे तैयार किया गया है। वर्तमान विधायकों की संख्या को देखते हुए वहां पर बैठक व्यवस्था की गई है। नए भवन में सिर्फ तीन कतार में विधायक बैठेंगे।

#### शिफ्टिंग में लगेगा समय

*पुराने विधानसभा भवन से नई विधानसभा में शिफ्टिंग में 6 माह का समय लगने की संभावना है। बताया गया है कि नए भवन में बनाए सचिवालय और विधानसभा की विभिन्न शाखाओं के कार्यालय में फर्नीचर और अन्य आवश्यक सुविधाओं को पूरा किए जाने के बाद यहां से सामान की शिफ्टिंग शुरू होगी। तब तक कार्य का संचालन पुराने भवन से ही होगा। दिसंबर में संभावित सत्र से पहले आवश्यक दस्तावेज,सामान वहां शिफ्ट किया जा सकता है। विधानसभा का नया भवन बनने के बाद पुराने भवन की उपयोगिता पर भी अभी निर्णय नहीं लिया जा सका है।*

**जोधपुर में भीषण सड़क हादसा**

## खड़े ट्रक में घुसा टेंपो ट्रैवलर 15 श्रद्धालुओं की गई जान



एजेंसी ▶▶| जोधपुर

जोधपुर जिले के मतोड़ा क्षेत्र में रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। एक टेंपो ट्रैवलर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में मारे गए सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे। सभी मृतक जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। फलोदी के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने हादसे की पुष्टि की है।

#### भारत माला हाईवे पर हादसा

मतोड़ा थाना अधिकारी अमानाराम ने बताया- शाम करीब 6.30 बजे भारत माला हाईवे पर हादसा हुआ। सड़क पर खड़े ट्रेलर में पीछे से टेंपो ट्रैवलर घुस गया। सभी शवों को ओसियां के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। 2 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

**राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह में शामिल हुए मोदी**

## पीएम ने छत्तीसगढ़ को जमकर सराहा, एक दिन में 19 ट्वीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह में शामिल होने 1 नवंबर को आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां से जाने के बाद छत्तीसगढ़ को जमकर सराहा है। प्रधानमंत्री ने एक दिन के दौरे में एक के बाद एक पांच कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अपनी अनुभूतियों को ट्वीट के जरिए सार्वजनिक किया।

**नक्सलवाद पर कही ये बात:** हमने 11 साल पहले छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारत को नक्सलवाद-माओवादी आतंक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था, जिसके नतीजे आज ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### मोदी बोले- जय जोहार

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ विकास की नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में शामिल होकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। जय जोहार!

#### देश के लिए आदिवासी समाज का योगदान

छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी समाज ने भारत की विरासत और विकास के लिए अतुलनीय योगदान दिया है। आज उन्हें समर्पित जिस शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है, वो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।

#### दिल को छू लेने वाला अनुभव

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में आज का संवाद बहुत विशेष और दिल को छू लेने वाला रहा। श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में उन बहादुर बच्चों से बातचीत करने का सौभाग्य मिला, जो जन्मजात हृदय रोगों को मात दे चुके हैं। उत्साह और उमंग से भरी इनकी बातों ने एक नई ऊर्जा से भर दिया। छत्तीसगढ़ यात्रा के दौरान, मेरी मुलाकात अपने उन युवा मित्रों से हुई, जिनका जन्मजात हृदय रोगों का सफलतापूर्वक इलाज हो चुका है।

#### नए विधानसभा भवन का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने सबसे अधिक ट्वीट नए विधानसभा के उद्घाटन के संबंध में किए हैं। उन्होंने लिखा। छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन के उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में आए मेरे परिवारजनों की खुशी ने राज्य की 25वीं वर्षगांठ की रौनक को और बढ़ा दिया। 'विकसित छत्तीसगढ़' की यात्रा को और रफ्तार देने के लिए नवा रायपुर अटल नगर में निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के उद्घाटन का सौभाग्य मिला।




जिले में सक्रिय नक्सलियों की कंपनी, एरिया कमेटी और दलम के अधिकतम नक्सली लीडर और सदस्य हथियार डालकर पुलिस के शरण में आ चुके है, परंतु लगभग 30 नक्सली अभी भी कांकेर जिले के जंगल में भटक रहे है। जंगल में भटक रहे बड़े लीडर में रूपी रेड्डी और फागू कड़ियाम का नाम सामने आ रहा है। आपरेशन में जाने वाले टीम में यह चर्चा है कि अब शांति रास्ते पर नहीं आने वाले नक्सलियों के लिए राज्योत्सव के बाद फिर से आपरेशन शुरू हो सकता है।

# कांकेर जिला राज्योत्सव के बाद नक्सली फागू व रूपी के खिलाफ आपरेशन की तैयारी में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर पुलिस ने 2020 में नक्सलियों के रिकार्ड का खुलासा किया था, उसके अनुसार रूपी मेढ़की एलजीएस कमांडर थी। 2024 की बैठक में इसके कद को बढ़ाया होगा। 2024 में जो कद बढ़ाया गया, उसका रिकार्ड नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि रूपी का अभी कैडर क्या है, परंतु यह आंध्रप्रदेश की निवासी है। इसकी उम्र लगभग 45 के आसपास होगी, वहीं पुलिस के पास रूपी का किसी भी तरह की फोटो नहीं है। रूपी आरकेबी डिवीजन प्रमुख रहे विजय रेड्डी की पत्नी है। मानपुर जिले में कई माह पहले आरकेबी डिवीजन प्रमुख विजय रेड्डी मुठभेड़ में मारा गया था, उसके बाद से रूपी पुलिस से नाराज है, ऐसा समर्पण करने वाले नक्सलियों के मध्य हुई चर्चा से खुलासा हुआ है। कांकेर जिला में सक्रिय नक्सली में दूसरा नाम फागू मड़ियाम है, जो पहले मिलिट्री कंपनी नंबर 05 का उप कमांडर था और दक्षिण बस्तर का निवासी है। मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के कमांडर राजू सलाम ने लगभग 20 दिन पहले अपनी टीम के साथ जगदलपुर में समर्पण कर चुका है, उसके साथ विचारों में समन्वय नहीं होने के कारण उपकमांडर फागू मड़ियाम समर्पण करने नहीं आया।


आपरेशन : पुलिस ग्रामीणों के माध्यम से पतासाजी करने में जुटी

कांकेर के बिनागुंडा इलाके में सक्रिय तीस नक्सलियों की सरगर्मी से तलाश

कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया कमेटी खत्म जिले का आधे से ज्यादा जंगल हुआ आजाद

### दक्षिण बस्तर में कर सकता है समर्पण

फागू मड़ियाम लंबे समय से कांकेर जिले में सक्रिय है और कंपनी नंबर 05 में था। इसके बारे में कांकेर जिले के अंदरूनी गांव में ग्रामीणों के मध्य चर्चा है कि वो समर्पण करने को तैयार है, परंतु दक्षिण बस्तर में समर्पण करेगा। ग्रामीणों ने समझाया कि इस जिले में काम किए हो तो, कांकेर जिले में ही समर्पण करना ठीक रहेगा, परंतु वो ग्रामीणों की बात मानने को अभी तक तैयार नहीं हुआ। यह बात सामने आ रही है कि जिन ग्रामीणों से फागू से संवाद हुआ, अब उनसे भी उसका संपर्क एक सप्ताह से नहीं हो पा रहा है।

### 29 को हुआ था आपरेशन

कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर पुलिस ने 29 अक्टूबर का संयुक्त आपरेशन चलाया था। इस आपरेशन में रूपी और फागू के साथ मुठभेड़ होने की अफवाह उड़ी थी। दोनो नक्सलियों के समर्पण नहीं किए जाने से अब कांकेर पुलिस सक्रिय मूड में आ सकती है और इन दोनो के खिलाफ आपरेशन लांच कर सकती है। यह भी चर्चा है कि राज्योत्सव के बाद दोनो नक्सलियों को खोजने के लिए कांकेर पुलिस जंगल की ओर जा सकती है। पुलिस के आला अफसर इस मामले में किसी भी तरह से अधिकृत जानकारी देने से बच रहे है, वहीं आपरेशन में जाने वालों के मध्य इस बात को लेकर चर्चा बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा सत्र के मध्य में महिला अधिकारी का तबादला अनुचित

**बिलासपुर।** शासकीय सेवक के बच्चों की पढ़ाई के मध्य में तबादला नहीं किए जाने के निर्देश के बावजूद आईटीआई दुर्ग में पदस्थ महिला प्रशिक्षण अधिकारी का तबादला आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगाकर वापस पूर्व पदस्थापना स्थल में पदस्थ करने का निर्देश दिया है । दुर्ग निवासी श्रीमती के. अरुन्धती महिला आई.टी. आई. कॉलेज, दुर्ग में प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर पदस्थ है। सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, नवा रायपुर ने एक आदेश जारी कर उनका स्थानांतरण दुर्ग से जिला-बीजापुर कर दिया गया। स्थानांतरण आदेश से क्षुब्ध होकर उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं वर्षा शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि याचिकाकर्ता का पुत्र भव्य नायडु, डीएव्ही पब्लिक स्कूल, दुर्ग में कक्षा-4 में अध्ययनरत है। प्रावधान है कि किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के पुत्र, पुत्री यदि स्कूल में अध्ययनरत है तो मिड सेशन के दौरान उक्त शासकीय अधिकारी, कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि, याचिकाकर्ता की माता श्रीमती के.भगवती की उम्र 77 वर्ष की है। मानसिक बीमारी से ग्रस्त होने के कारण उनका जिला-दुर्ग में ईलाज चल रहा है, याचिकाकर्ता पर अपनी बीमार माता एवं पुत्र की जिम्मेदारी है इसके बावजूद भी याचिकाकर्ता महिला का घोर अनुसूचित जिले – बीजापुर में स्थानांतरण किया जाना पूर्णतः नियम विरूद्ध है। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू ने स्थानांतरण पर रोक लगा दी है।

### चूराघाट एनीकट में बहे रेलवे अधिकारी की दूसरे दिन मिली लाश

**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने के दौरान बिल्हा के चूराघाट एनीकट में नहाते समय बहे रेलवे अधिकारी की दूसरे दिन एक किलो मीटर दूर लाश मिल गई है। उनके साथ बहे साले का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया है। ज्ञात हो कि शनिवार को बिल्हा रेलवे कालोनी निवासी रेलवे एसएससी संतोष राम 40 साल अपनी पत्नी बच्चे व साले अनुज कुमार उनकी पत्नी बच्चे के साथ पिकनिक मनाने उड़नताल चूराघाट एनीकट गए थे। दोपहर 3.30 बजे जीजी साला एनीकट में उतरकर नहा रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से संतोष राम डूबने लगे। आवाज लगाने पर उनके साले अनुज कुमार बचाने के लिए गए तो वे तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए थे। रविवार को सुबह एसडीआरएफ की टीम एनीकट में जीजा साला के तलाश में जुट गई। पतासाजी के दौरान सुबह 8 बजे एक किलोमीटर दूर एनीकट में तैरते हुए रेलवे एसएससी संतोष राम की लाश मिली। एसडीआरएफ की टीम ने एनीकट से लाश बाहर निकाल ली। वहीं टीम सुबह से देर शाम तक उनके साले की पतासाजी में लगी रही, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। सोमवार को फिर से एसडीआरएफ की टीम पतासाजी करेगी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है।

सभी भारसाधक सचिवों को दिए गए हैं ये निर्देश, जिस दिन मिले डाक उसी दिन करें निपटारा

# सीएस का फरमानः जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर 15 दिन में कार्यवाही कर सूचना भी देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही तथा जन प्रतिनिधियों को समान्यतया 15 दिनों के भीतर उचित माध्यम से अवगत भी कराना होगा। यही नहीं रोजाना मिलने वाले डाक का निपटारा भी सामान्य तौर पर उसी दिन ही करना होगा।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश समस्त भारसाधक सचिवों की बैठक में दिया था। दरअसल राज्य के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद विकासशील की यह पहली परिचयात्मक बैठक थी, जो पिछले महीने आयोजित हुई थी। इस बैठक की कार्यवाही का विवरण जारी होने के बाद अब सभी संबंधित विभागों ने मुख्य सचिव के निर्देशों का पालन शुरु कर दिया है।



### कैबिनेट के प्रस्ताव पर ये करना होगा

मुख्य सचिव ने मंत्रिपरिषद( कैबिनेट) के लिए विचार करने संबंधी प्रस्तावित प्रकरणों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में कहा गया है कि प्रशासकीय विभागों द्वार प्रस्ताव की संक्षेपिका बैठक की तारीख से कम से कम सप्ताह पहले मुख्य सचिव को भेजी जाए। प्रस्ताव भेजने से पहले वित्त विभाग, सामान्य प्रशासन, एवं जरुरी हो तो विधि विभाग का अभिमत आवश्यक रुप से संक्षेपिका में अंकित किया जाए। यह कार्यवाही सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों के जिम्मे होगी। विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले ऐसे प्रस्ताव पर विभागीय अभिमत सामान्यतया संबंधित विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर दिया जाए।



### वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रतिवेदन

मुख्य सचिव के निर्देश में ये भी कहा सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रतिवेदन के लिए अपनी वार्षिक कार्ययोजना के मध्यावधि परीक्षण के लिए मुख्य सचिव के साथ चर्चा की तैयारी कर लें। इसके साथ ही ये भी स्पष्ट कर दिया गया है कि मंत्रालय में 1 दिसंबर से बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर निगरानी के लिए चिन्हांकित योजनाओं से संबंधित सभी विभाग अपनी योजना को पोर्टल पर आनबोर्ड करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों में शासकीय पक्ष का उचित एवं समयबद्ध व निर्धारित समयसीमा में प्रतिरक्षण करने कहा गया है।

पंजीयन में आ रहीं तकनीकी त्रुटियां

## एग्री-स्टेक पंजीयन की समय सीमा बढ़ाने सीएम से मिला किसान मोर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर एग्री-स्टेक पंजीयन की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया कि प्रदेश के काफी किसान 31 अक्टूबर तक की निर्धारित समय सीमा में एग्री-स्केट पंजीयन नहीं करा पाए हैं। इसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा। साथ ही, इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटियाँ भी काफी आ रही हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री श्री साय से आग्रह किया कि एग्री-स्टेक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी हुई है। उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम तिवारी, सोशल मीडिया सह प्रभारी महेश कौशल, किसान मोर्चा बलरामपुर जिला महामंत्री विकास मंडल उपस्थित रहे।

राज्योत्सव में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष

# प्रधानमंत्री से मिली सराहना डॉ. रमन सिंह ने कहा- पद से बड़ी होती है जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रविवार को जिला स्तर पर आयोजित राज्योत्सव के कार्यक्रम में शामिल होने अपने विधानसभा क्षेत्र राजनंदगांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधानसभा निवास कार्यालय में आमजनों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनी और उसके निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने विधानसभा निवास कार्यालय में प्रदेश की जनता को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती वर्ष पर अपनी शुभकामनाएं दी । विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि इस वर्ष राज्य उत्सव काफी खास रहा । राज्य उत्सव के आयोजन में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित रहे और उनका मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगभग साढ़े 8 घंटे रायपुर में रहे । इस दौरान विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री और लोकसभा स्पीकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ । डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह राज्य उत्सव छत्तीसगढ़ के अब तक का विशाल कार्यक्रम था, जिसमें ढाई लाख से अधिक लोग शामिल हुए ।

**आमजनों से की मुलाकात समस्याएं सुनकर निराकरण के लिए किया निर्देशित**




### कर्तव्य और निष्ठा जरूरी

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. रमन सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें क्रिकेट टीम की तरह राजनीति का ऑलराउंडर कहा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक कार्यकर्ता अपने दम पर कहां तक पहुंच सकता है, यह डॉक्टर रमन सिंह को देखकर समझ जा सकता है । वहीं प्रधानमंत्री से मिली सराहना को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 15 साल तक कैप्टन रहा अब उसे टीम में मैं हिस्सा हूं और स्पीकर के नए दायित्व पर चला गया हूं । उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को जो भी दायित्व मिलता है उसका शत प्रतिशत निर्वहन करना चाहिए, क्योंकि पद बड़ी चीज नहीं होती है, जवाबदारी बड़ी होती है।

### उपराष्ट्रपति करेंगे लखपति बहनों का सम्मान

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आगामी 5 नवंबर को उपराष्ट्रपति यहां कई कार्यक्रम में शामिल होंगे । उद्याचल के अस्पताल का वह उद्घाटन करेंगे । वहीं इस दौरान एक कार्यक्रम में लखपति बहनों का सम्मान भी होगा । उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति दो ढाई घंटे शहर में रहेंगे, जिसको लेकर अच्छी तैयारी हो रही है ।

# युवक की चाकू मारकर हत्या

गांव में फैली सनसनी, फरार आरोपी की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिपली में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, वहीं आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार छिपली गांव में किसी बात को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुयश उर्फ सन्नी लहरे उम्र 34 वर्ष पिता प्रभु लहरे निवासी छिपली के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है। युवक का शव पंचायत चौक के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपी ने किस हथियार से हमला किया, परंतु शव पर कई स्थानों पर चाकू के निशान पाए गए हैं। नगरी पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद प्रतीत हो रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। गांव में इस घटना के बाद भय और दहशत का माहौल है। पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह हादसा 1 नवंबर की रात करीब 12:30 बजे हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फैक्ट्री में रखा प्लास्टिक का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी एलेक्सियूस टोप्पो, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, सिटी कोतवाली पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। एसईसीएल की दमकल टीम समेत दो अन्य दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत



के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फैक्ट्री में रखा लाखों का सामान और भीतर खड़ी एक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। बताया जा रहा है कि यह प्लास्टिक फैक्ट्री स्थानीय व्यापारी रफीक मेमन के रिश्तेदार की है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

हत्यारे से अंतिम समय में संघर्ष ने न्याय दिलाया

# मृतक की मुट्ठी में मिले बालों की डीएनए रिपोर्ट बनी साक्ष्य, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस बीडी गुरू की डीबी ने कांस्टेबल की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा एकत्र किए गए साइंटिफिक साक्ष्य को पर्याप्त साक्ष्य माना है। कोर्ट ने मृतक व आरोपी के मध्य हुए संघर्ष में उसके बालों के डीएनए प्रोफाइलिग और फिगर प्रिंट एनालिसिस जैसे साइंटिफिक सबूत के आधार पर आरोपी की पहचान पक्के तौर पर साबित की है। इस सबूत को कोर्ट ने क्राइम से जोड़ने वाला माना हैं। कोर्ट ने फैसले में कहा कि



जब हालात के सबूतों से इसकी पुष्टि होती है, तो यह परिस्थितियों की एक पूरी चेन बनाने में मदद करता है, जिससे बिना किसी शक के सजा मिलने में मदद मिलती है। इसके साथ डीबी ने आरोपी की अपील को खारिज किया है। आरोपी को निचली अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। राम निवास मरकाम बुरकापाल थाने में कांस्टेबल था। 11 जुलाई को वह पुलिस लाइन, सुकमा में मौजूद था। इसके बाद वह अपनी बोलेरो गाड़ी में निकला। कांस्टेबल हड्डी नरसैया ने राम निवास के भाई श्रीनिवास को फोन करके बताया कि राम निवास की किसी ने हत्या कर दी है। उसकी लाश सुपनार गांव में धनीराम बारसे के केले के बागान के सामने सड़क किनारे पड़ी है। उसकी गर्दन और सिर पर गहरी चोटें थीं, और लाश खून से लथपथ थी। बोलेरो की पिछली सीट के नीचे भी खून के धब्बे मिले।

### सत्र न्यायालय से उम्रकैद की सजा

पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान वाहन के रियरव्यू मिरर एवं पानी के बोतल में लगे फिंगरप्रिंट एवं मृतक के हाथ में रखे बालों के गुच्छा को जब्त कर फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही आरोपी सुरेश सरकार पिता प्रभास सरकार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में जानकारी सामने आई कि मृतक ने आरोपी के रिश्तेदार युवती से प्रेम विवाह किया था। आरोपी उसकी पत्नी से प्रेम करता था। दोनों के मध्य झगड़ा हुआ। उसे मारने की योजना बनाई कोलकोता में एक व्यक्ति को एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। डीएनए टेस्ट में मृतक के हाथ में मिले बाल आरोपी के ही होने की पुष्टि हुई। इसके अलावा वाहन व पानी के बॉटल में मिले फिंगरप्रिंट भी आरोपी का ही होना पाया गया। आरोपी को सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील की थी जिसे खारिज कर दिया गया है।

रायपुर
सोमवार 3 नवंबर 2025
कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 24, अंक : 105
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 22.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



3 ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

विचार पेज
4 वादों और दावों के बीच झूलता बिहार




# बेमौसम बारिश का कहर...खेतों में सड़ रही फसल, दवा भी नहीं आई काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी/ भिलाई/ मैनपुर

हरिभूमि लाइव

असमय हुई बरसात ने किसानों की मेहनत पर खासा असर डाला है। हालत यह है प्रदेश के कई हिस्सों में खेतों में फसल सड़ रही है। दूसरी ओर कीट प्रकोप ने भी किसानी की कमर तोड़ दी है। कृषकों का कहना है कि छिड़की गई दवाएं भी कारगर साबित नहीं हो पाई हैं। पिछले सप्ताहभर से बेमौसम बारिश और बदली की वजह से दुर्ग सहित प्रदेशभर में टमाटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर में लगे फूल झड़ रहे हैं। जहां टमाटर की पैदावारी शुरू हो ▶▶|शेष पेज 7 पर

**खास बातें**

- पिछले सप्ताहभर से बदली और बारिश की वजह से किसानों की मुसीबत बढ़ी
- टमाटर और सब्जी की 35 फीसदी फसल बर्बाद



### धमतरी में सड़ रही है फसल

धमतरी में भी इस साल किसान मौसम की मार झेल रहे हैं। दीपावली जाने के बाद भी वे कटाई मिंजाई नहीं करवा पा रहे हैं। किसान शिव साहू, युवराज शर्मा ने बताया कि उनका खेत बीच में पड़ता है। आसपास धान की कटाई नहीं हुई ▶▶|शेष पेज 7 पर



दुर्ग जिले में टमाटर की फसल चौपट

### 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जी की पैदावारी

*प्रदेशभर में साग- सब्जी की पैदावारी 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हो रही है। जिसमें सब्जियों की पैदावारी 68 लाख 92 हजार 500 मिट्रिक टन होती है। अकेले दुर्ग जिले में इस साल साग-सब्जी 7924 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लिया गया है। जिसमें टमाटर 380280 मिट्रिक टन टमाटर उत्पादन होता है। बेमौसम बारिश की वजह से टमाटर के अलावा धनिया, पालक, लाल भाजी, गोभी, मेथी, सरसों आदि सब्जियों को नुकसान पहुंच रहा है।*

### बालियों में अंकुरण

*किसान खेमराज सिन्हा ने बताया कि बारिश से पहले उन्होंने धान की कटाई करवा ली थी। बारिश से धान का करपा भीग गया है। अब स्थिति यह है कि करपा में नीचे की बालियों में अंकुरण आ गया है। यह स्थिति आसपास के कई किसानों के खेतों की है। उन्होंने बताया कि दो चार दिन मौसम सूखा होगा तभी वे मिंजाई के कार्य को आगे बढ़ा पाएंगे।*

### खेतों की स्थिति हुई खराब

लगातार बारिश से खेतों में पानी भरा हुआ है। फसल पकने के बाद किसान मजबूरी में चेन हार्वेस्टर से कटाई करवा रहे हैं, इससे खेत बुरी तरह से खराब हो रहे हैं। यही नहीं खेतों में ट्रैक्टर चलना भी मुश्किल हो गया है। चेन हार्वेस्टर से मिंजाई तो हो रही है, लेकिन खेतों से घर तक धान लाने में किसानों के पसीने छूट रहे हैं।

## दलहन तिलहन में उड़द, मूंग, रागी, झुरगा की फसल भी प्रभावित



मैनपुर क्षेत्र में दलहन तिलहन के तहत किसान उड़द, मूंग, रागी, झुरगा की सैकड़ों एकड़ मे खेती वर्षों से करते आ रहे है और फसल तैयार हो गई है, लेकिन बेमौसम बारिश और बदली के कारण दलहन तिलहन के फसल के उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। कुल्हाडीघाट क्षेत्र में मिलने वाली झुरगा की फसल को पूरे प्रदेश में सबसे बेहतर क्वालिटी फसल के रूप में जाना जाता है।

### हल्दीगांठ और लकवा का प्रकोप



गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग सहित पूरे जिले में सैकड़ों एकड़ धान की फसल बेमौसम बारिश और आंधी से टूटकर गिर गई है। जिला कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने बताया बेमौसम बारिश और बदली से निश्चित रूप से फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। मैनपुर देवभोग अमलीपदर, गोहरापदर ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### पीएम आज करेंगे नवाचार सम्मेलन की शुरुआत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। देश में निजी क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक 'मेगा फंड' की शुरुआत करेंगे। ईएसटीआईसी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया गया है।

### काशीबुग्गा मंदिर में प्रवेश पर लगाई रोक



**काशीबुग्गा।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान नौ लोगों की मौत होने के एक दिन बाद रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी। शनिवार को मंदिर में हुई दुर्घटना में आठ महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

### इसरो ने सफलतापूर्वक लॉन्च किया देश का सबसे भारी सैटेलाइट

# अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत दुश्मन की हर हरकत पर होगी नजर!

*इसरो ने भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) कम्युनिकेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। ये सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड सैटेलाइट है। इससे नौसेना की अंतरिक्ष से संचार और समुद्री इलाके की निगरानी की क्षमता मजबूत हो जाएगी। दुश्मन की हर हरकत पर नजर होगी। इसके साथ ही दूरदराज इलाकों में संचार सेवाएं बेहतर होंगी।*


एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

इसरो ने श्रीहरिकोटा से गुरुवार कसे अपने शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम3-एम5 के जरिए सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) संचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह उपग्रह खास तौर पर भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया है। लगभग 4000 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह अब तक का भारत का सबसे भारी संचार उपग्रह है। इसके जरिए नौसेना को समुद्र में बेहतर संचार सुविधा और समुद्री क्षेत्र की निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी। इस उपग्रह में कई देश में विकसित अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं, जो भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता को और मजबूत बनाएंगे।

- इसरो प्रमुख ने सफल लॉन्चिंग पर दी बधाई

इसरो ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एलवीएम3-एम5/सीएमएस-03 मिशन का अपडेट दिया है। इसरो के अनुसार, सीएमएस-03 रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हुआ है, इसरो ने इसे परफेक्ट इंजेक्शन बताया है।

### अब सबसे उन्नत संचार उपग्रह से लैस होगी भारतीय नौसेना



**24** घंटे तक चला काउंटडाउन

**43.5** मीटर लंबा रॉकेट

**5.26** बजे भरी अंतरिक्ष की उड़ान



**सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) क्या है ?**
जीएसएटी-7आर एक कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, यानी ये संचार का माध्यम बनेगा। ये पूरी तरह से भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है। ये सैटेलाइट नौसेना के जहाजों, हवाई जहाजों, पनडुब्बियों और समुद्री ऑपरेशंस सेंटर्स के बीच तेज और सुरक्षित संचार करेगा।

**बाहुबली रॉकेट से सीएमएस-03 की लॉन्चिंग**

इसरो के मुताबिक, करीब 4,400 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 भारतीय धरती से प्रक्षेपित होने वाला और भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित होने वाला सबसे भारी उपग्रह है। इसे एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया है। 4000 किलोग्राम तक के भारी पेलोड ले जाने की क्षमता के कारण एलवीएम3-एम5 रॉकेट को बाहुबली नाम दिया गया है।

### डाटा सुरक्षित और तेजी से उपलब्ध होगा

सीएमएस-03 का पूरा नाम कम्युनिकेशन सैटेलाइट मिशन-03 है। यह मल्टी-बैंड संचार उपग्रह कई तरह की रेडियो तरंगों पर काम करेगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सुरक्षित डाटा ट्रांसमिशन जैसी सुविधाएं होंगी। इससे दूरदराज के इलाकों, जहाजों और हवाई जहाजों तक मजबूत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा और पहले के संचार उपग्रहों की तुलना में तेजी से डाटा उपलब्ध होगा। इसरो ने बताया कि विशेष तौर पर नौसेना के लिए विकसित यह संचार उपग्रह सात साल काम करेगा।

### दूरदराज के क्षेत्रों तक डिजिटल पहुंच में सुधार

सीएमएस-03 उपग्रह तेज और उच्च क्षमता वाली बैंडविड्थ से उन्नत प्लेटफॉर्म कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। दूरदराज के क्षेत्रों तक डिजिटल पहुंच में सुधार करेगा। इससे नागरिक सेवाओं के अलावा नौसेना के जहाजों, विमानों और पनडुब्बियों के बीच सुरक्षित संचार संपर्क स्थापित होगा जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी। नौसेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह उपग्रह नौसेना की अंतरिक्ष-आधारित संचार और समुद्री क्षेत्र जागरूकता क्षमताओं को मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी अत्याधुनिक घटक शामिल हैं।

**तेलंगाना में दर्दनाक घटना**

## पत्नी, बेटी और साली को मारकर कर ली खुदकुशी



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के विकाराबाद जिले में शनिवार देर रात 40-वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, बेटी और साली की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। आरोपी की एक और बेटी हमले में बच गई, लेकिन उसे चोटें आई हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पारिवारिक विवाद बनी वजह

प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने कहा कि व्यक्ति और उसकी पत्नी के बीच कुछ विवाद प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। पड़ोसियों ने बताया कि व्यक्ति आए दिन परिवार के लोगों से लड़ाई करता था।

### इंसानों की नकल करने वाली राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना पर लगेगा जीपीएस

## गिद्ध की तरह अब कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में मैना की होगी टैगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती टायगर रिजर्व के दो गिद्धों को जीपीएस लगाकर छोड़ा गया। इसी तरह अब कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान ने छत्तीसगढ़ की राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की वंशवृद्धि एवं संवर्धन के लिए प्रयास शुरू किया जा रहा है। इसमें पहाड़ी मैना में जीपीएस टैग लगेगा। मैना के टैगिंग के बाद जीपीएस सिस्टम से उसे ट्रैक किया जाएगा, मैना के पीछे एक टीम रहेगी, जो उसे जीपीएस से ट्रैक करेगी और दूर से उसकी एक्टिविटी को नोट करेगी। इंसानों की बोली की हूबहू नकल करने वाली छत्तीसगढ़ राज्य की राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की आवाज ▶▶|शेष पेज 7 पर

- मैना किस पेड़ पर, कितने देर बैठती, क्या खाती, रात में वह किस पेड़ पर डेरा जमाती का होगा ट्रैक



अलग खबर

### मैना के पीछे रहेगी टीम

*बताया जा रहा है कि पहाड़ी मैना के टैगिंग के बाद जीपीएस सिस्टम से उसे ट्रैक किया जाएगा। मैना के पीछे एक टीम रहेगी, जो उसे जीपीएस से ट्रैक करेगी और दूर से उसकी एक्टिविटी को नोट करेगी। मैना किस पेड़ पर बैठती है, कितने देर बैठती है, क्या खाती है, रात में वह किस पेड़ पर डेरा जमाती है, कब और कैसे सहवास करती है, जैसी सारी बातों पर रिसर्च होगी। इसके बाद मैना को जब प्रजनन केंद्र में लाया जाएगा, तो इसी रिसर्च की मदद से वंश वृद्धि की प्रक्रिया शुरू होगी।*

### टैग से होगी पहाड़ी मैना की निगरानी

*कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के डायरेक्टर नवीन कुमार ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पहाड़ी मैना का संवर्धन एवं वंशवृद्धि हो, जिसको देखते हुए जंगलों, पहाड़ों में विचरण करने वाली पहाड़ी मैना के पैरों में टैगिंग लगाया जाएगा। यह टैग जीपीएस से लैस होगा, जिसके बाद जिन जिन मैना के पैरों में जीपीएस लगेगा, उन मैना की मॉनिटरिंग विभाग के अधिकारी करेंगे।*

**नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 46 से घट गई**

## सिमट रहा नक्सलवाद देश में सिर्फ 38 जिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों के वर्गीकरण की ताजा समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल में नौ राज्यों में इनकी संख्या 46 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है और "चिंताजनक जिलों" की श्रेणी में केवल चार तथा "सबसे अधिक प्रभावित जिलों" की श्रेणी में महज तीन जिले रह गए हैं। यह समीक्षा 'वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए ▶▶|शेष पेज 7 पर



### छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक प्रभावित जिले सिर्फ तीन

ताजा वर्गीकरण के मुताबिक, 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों' में केवल तीन जिले बचे हैं, जिनकी संख्या एक अप्रैल को छह थी। इन तीन जिलों में छत्तीसगढ़ का बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के अंतर्गत यह उप-श्रेणी ▶▶|शेष पेज 7 पर

# भूख से बिलखते लोगों का निवाला छीन रहा हमास, गाजा में खाने से भरा ट्रक लूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी सेंट्रल कमान ने एक ड्रोन फुटेज जारी की है, जिसमें हमास के संदिग्ध लोग दक्षिणी गाजा में एक मानवीय सहायता ट्रक को लूटते दिख रहे हैं। कमान ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "अमेरिका के सिविल-मिलिट्री कोऑर्डिनेशन सेंटर ने देखा कि हमास के संदिग्ध लोग एक मदद ट्रक को लूट रहे थे। यह ट्रक एक मानवीय काफिले का हिस्सा था जो उत्तरी खान यूनिस में गाजा के लोगों को इंटरनेशनल पार्टनर्स से जरूरी मदद पहुंचा रहा था। यह घटना 31 अक्टूबर को उत्तरी खान यूनिस के पास हुई, जहां एक अमेरिकी ड्रोन ने हमले को देखा। हमलावरों ने ड्राइवर पर हमला किया और ट्रक लूट लिया। लूटा गया ट्रक गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने वाले काफिले का हिस्सा था।

### 31 अक्टूबर की बताई जा रही घटना

बताया गया कि यह घटना 31 अक्टूबर को उत्तरी खान यूनिस के पास हुई, जहां अमेरिका के सिविल-मिलिट्री कोऑर्डिनेशन सेंटर ने एक अमेरिकन एमक्यू-9 सर्विलांस ड्रोन से लाइव वीडियो के जरिए हमले को देखा। कमान ने एक बयान में कहा, "ऑपरेट करने वालों ने ड्राइवर पर हमला किया और उसे सड़क के बीच में ले जाकर मदद का सामान और ट्रक लूट लिया। ड्राइवर की अभी क्या हालत है, यह पता नहीं है।"




### दोनों के बीच अमेरिका ने कराया था सीजफायर

इजरायल और हमास के बीच सीजफायर अमेरिका ने करवाया था और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के 20-पॉइंट गाजा पीस प्लान पर आधारित था। 10 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस संघर्ष विराम का मकसद दो साल से ज्यादा समय से लगातार इजरायली बमबारी के बाद दुश्मनी खत्म करना, बंधकों की रिहाई में मदद करना और गाजा में मानवीय कॉरिडोर खोलना था।

### हर रोज 600 से ज्यादा ट्रक आ रहे गाजा

कमान ने कहा कि हाल के दिनों में मदद और कमर्शियल सामान से भरे 600 से ज्यादा ट्रक रोजाना गाजा में आ रहे हैं और यह घटना इन कोशिशों को कमजोर करती है। लूटा गया ट्रक गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने वाले काफिले का हिस्सा था। दक्षिणी इजरायल के किरयात गत में मौजूद सीएमसीसी को ड्रोन फीड से अलर्ट भेजा गया था।

## खबर संक्षेप

### मुर्मू ने राष्ट्रपति निकेतन में दो कार्यों का किया लोकार्पण



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रपति निकेतन में दो नई सुविधाओं- पैदल पार पुल (फुट ओवर ब्रिज) और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया। राजपुर रोड पर बने 105 फुट लंबे पैदल पार पुल ने अब राष्ट्रपति निकेतन और 132 एकड़ में बन रहे राष्ट्रपति उद्यान के बीच निर्बाध संपर्क स्थापित कर दिया है। इसके अलावा, राष्ट्रपति परिसर में 0.7 एकड़ का घुड़सवारी क्षेत्र विकसित किया गया है जो राष्ट्रपति के अंगरक्षकों की ऐतिहासिक परंपरा का प्रतीक है।

### हाथियों के झुंड ने बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला

**पीलीभीत।** पीलीभीत के माधोटांडा थाना क्षेत्र के ढकिया तालुके महाराजपुर गांव में शनिवार देर रात घुसे जंगली हाथियों के झुंड ने झोपड़ी में सो रहे पुन्नू (58) को कुचलकर मार डाला।वन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि घटनास्थल क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क के करीब का है जहां गैंडों और हाथियों का अक्सर आवागमन होता है। मृतक के परिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियम के अनुसार पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों का झुंड कई बार आसपास के जंगलों में देखा गया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार चरम पर, पार्टियां आजमा रहीं ताकत

# पीएम बोले- आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम का पद चोरी कर लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में पहले चरण के मतदान से पहले आज रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं ने कई रैलियां की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरा और नवादा में जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने कांग्रेस की कनपटी पर बंदूक रखकर मुख्यमंत्री पद चोरी कर लिया है। वहीं, राहुल गांधी ने एक बार फिर अडाणी और अंबानी के नाम पर प्रधानमंत्री को घेरा।

### पाक और कांग्रेस दोनों 'ऑपरेशन सिंदूर' से उबर नहीं पाए



आरा में प्रधानमंत्री ने कहा, जब पाकिस्तान में विस्फोट हो रहे थे, तो कांग्रेस के 'शाही परिवार' की नींद उड़ गई थी। आज तक पाकिस्तान और कांग्रेस के नामदार दोनों ही 'ऑपरेशन सिंदूर' से उबर नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा, हमने आतंकवादियों को उनके ही घर में हराने का संकल्प लिया था और हमने ऑपरेशन सिंदूर के साथ उस वादे को फिर से पूरा किया, जिसने देश को गौरवान्वित किया है।

### आरजेडी ने आखिर छीन ही लिया सीएम पद

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि आरजेडी के किसी उम्मीदवार को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया जाए, लेकिन आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख कर मुख्यमंत्री पद चोरी कर लिया। नामांकन वापस लेने से पहले बिहार में गुंडागर्दी का खेल खेला गया था। आरजेडी -कांग्रेस में भयंकर झगड़ा है। चुनाव से पहले इतनी दुश्मनी बढ़ गई है कि चुनाव के बाद ये एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। ऐसे लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं।

### जंगलराज अब नए चेहरों के साथ आ रहा अमित शाह



गृह मंत्री अमित शाह ने महुआ में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, लोकतंत्र की जननी वैशाली की जनता का उत्साह बता रहा है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार आने वाली है। लालू-राबड़ी के जंगलराज में आए दिन बिहार में नरसंहार होते थे, अपहरण, फिरौती के उद्योग चलते थे और महिलाओं की अस्मिता लूटी जाती थी। अब वही जंगलराज नए चेहरों के साथ, नए कपड़ों में और नए भेष में आ रहा है।

### सरकार अंबानी-अडानी के पक्ष में काम कर रही : राहुल

बेगूसराय में एक जनसभा में केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए राहुल गांधी ने महात्मा गांधी, 1971 और वैश्विक संदर्भों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के हितों और जनता के सवालों पर सरकार मित्रों अंबानी और अडानी के पक्ष में काम कर रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि एक रुपये में अडानी को जमीन दी जा रही है जबकि बिहार की जनता के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। उन्होंने कहा कि चुनावों में नेता जो वादे करते हैं, चुनाव के बाद वे गायब हो जाते हैं और बिहार के काम आना तो दूर, यहां के लोगों को रोजगार और जमीन तक नहीं मिल रही। उन्होंने कहा उनकी सरकार आने पर बिहार में रोजगार पैदा किए जाएंगे ताकि लोगों को दूसरे प्रदेशों या विदेशों में मजदूरी न करनी पड़े।



### मोदी के इशारे पर चल रही बिहार सरकार

राहुल गांधी ने खगड़िया में एक रैली में कहा, बिहार की सरकार दिल्ली से मोदी जी के इशारे पर चल रही है। यहां आप लोगों के लिए जमीन नहीं है, लेकिन मोदी जी के पास अडाणी और अंबानी के लिए बहुत जमीनें हैं। ये लोग वोट चोरी कर सरकार बनाते हैं।

## अहमदशाह अब्दाली को भूल गए क्या...

# तालिबान की पाक को धमकी इस्लामाबाद को जला देंगे...



एजेंसी ▶▶| काबुल

पाकिस्तान के साथ सीमा पर जारी तनाव के बीच अफगान तालिबान ने ऐसा काम किया है जिससे पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर तिलमिला उठे। अफगान तालिबान के सदस्यों ने हाल ही में एक सैन्य परेड के दौरान पाकिस्तानी सेना को धमकी दी हैं। ये धमकी सीधी न होकर कविताओं के माध्यम से आई है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसमें पाकिस्तान को चेतावनी दी गई कि अगर काबुल पर फिर हमला किया गया तो तालिबान 'इस्लामाबाद को जलाकर' और लाहौर में अपना सफेद झंडा फहराकर जवाब देगा।

### पाकिस्तान हमें हथियार उठाने मजबूर न करे

इन कविताओं में पाकिस्तान को अहमद शाह अब्दाली और दूसरे अफगान शासकों के नेतृत्व में विजय अभियानों का जिक्र किया गया, जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के क्षेत्रों पर हमले किए थे। इसमें सबसे ज्यादा हमले पाकिस्तान के वर्तमान पंजाब इलाके में किए गए थे। इन कविताओं में पाकिस्तान को चेतावनी दी गई कि वह अफगानों का अपना इतिहास दोहराने और एक बार फिर हथियार उठाने पर मजबूर न करे।

### पाकिस्तान और अफगानिस्तान में तनाव

तालिबान की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के दरमियान भारी तनाव चल रहा है। पिछले महीने दोनों के बीच डूरंड लाइन रेखा पर एक सप्ताह तक भारी झड़प हुई थी, जिसमें दोनों तरफ सैकड़ों लोग मारे गए थे।

## आंध्र प्रदेश : बंगाल की खाड़ी में तीन छात्र डूबे

**नेल्लोर।** यहां बंगाल की खाड़ी में रविवार को इंटरमीडिएट के तीन छात्र डूब गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना अपराह्न करीब 1:30 बजे घटी, जब स्थानीय और समुद्री पुलिस कर्मियों द्वारा चेतावनी दिए जाने के बावजूद छात्र समुद्र में चले गए। अधिकारी ने बताया, नेल्लोर के पास बंगाल की खाड़ी में तैरने गए तीन लड़के आज डूब गए। बाद में उनके शव बरामद कर लिए गए और किनारे पर लाए गए। मृतक जूनियर कॉलेज में पढ़ रहे थे।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# व्हाट्सऐप व सोशल मीडिया से नोटिस नहीं भेजा जाना चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अग्रिम ज़मानत के एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि व्हाट्सएप या ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए नोटिस नहीं भेजा जाना चाहिए। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की खंडपीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक व्यक्ति पर अपनी ही पुत्री से बलात्कार का आरोप है। उस पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है। इसके बाद न्यायालय ने संबंधित पुलिस को निर्देश दिया कि वह पीड़िता को दो सप्ताह के भीतर सेवा प्रदान करे। याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का अंतरिम आदेश जारी रहेगा। जस्टिस कुमार की टिप्पणी पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा शिकायतकर्ता हमारे व्हाट्सएप संदेशों का जवाब नहीं दे रही है।

### अदालत और वकील के सवाल-जवाब

जब अदालत ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता के वकील ने शिकायतकर्ता-पीड़िता को नोटिस भेजा है तो उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं हो पा रहा है और इसलिए उन्होंने व्हाट्सएप पर नोटिस भेजा है। इस पर जस्टिस कुमार ने मौखिक रूप से टिप्पणी की: नहीं, नहीं। व्हाट्सएप या ट्विटर नहीं। जाकर नोटिस भेजो।

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में धमाका, 23 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको

मेक्सिको के सोनोरा राज्य की राजधानी हर्मोसिलो में एक सुपरमार्केट में धमाका होने के बाद आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। मैक्सिकन रेड क्रॉस के अध्यक्ष कार्लोस फ्रीनर ने बताया कि मृतकों में 12 महिलाएं, 5 पुरुष, 4 युवा और 2 लड़कियां शामिल हैं। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय रिपोर्टों के हवाले से बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने की वजह ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।




### राष्ट्रपति ने जताया शोक

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने लिखाआग में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए सोनोरा के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो के संपर्क में हूं। मैंने गृह मंत्री रोजा इसेला रोड्रिग्ज को परिवारों और घायलों की मदद के लिए एक सहायता टीम भेजने का निर्देश दिया है।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉप्लर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com


अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292







# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style

# कियारा



किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

# किंग का टाइटल रिवील
## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक




**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

## पाक के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ



**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं। इसके बाद लड़ाकू जहाजों से पाकिस्तान से मुकाबला करते हैं। सीरीज के पहले लुक को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'रविवार को शुरू करने का बहुत बढ़िया तरीका।'

# जटाधरा का नया गाना
## शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है। वे अब फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म के कई गाने रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें 'पल्लो लटके,' 'धन पिसाचिनी,' और 'जो लाली जो' शामिल हैं।



# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन
## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री



**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं।




## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी
# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## चिंतन

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं। सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुन्द्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्त्रोत हैं। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।

## फिलहाल

डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार

बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।

आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है।

दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी ख़ासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुक़ाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं।दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाय। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र, अपने आप में उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अपराजेय अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। असल में देश की बहुत सी गृहिणियों की यही स्थिति है कि वे श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। अब जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए और उन्हें उनका हक मिले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार



## चुनाव

सुरेश हिन्दुस्तानी

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।





राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित

## दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित

## प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## यमुनोत्सव



यमुना अभियान के तहत यमुनोत्सव 2025 के पहले दिन, रविवार को नई दिल्ली में यमुना के किनारे वासुदेव घाट पर पारंपरिक कपड़े पहने महिलाएं पूजा-पाठ करने के लिए इकट्ठा हुईं।

## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सशक्त बना रहे



शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोज़गार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### भाजपा-कांग्रेस एक



भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के ज्वाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

-अरविंद केजरीवाल, आप नेता

### मेरे पहले हीरो शाहरूख



दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरूख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना हैं।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# द. चीन सागर में दृढतापूर्वक मुकाबला करे आसियान



अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका-चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई बैठक में हेगसेथ ने विवादित जल क्षेत्रों में चीन की आक्रामकता को लेकर अमेरिका की चिंताओं को दोहराया और जहाजों को टक्कर मारने जैसी घटनाओं का हवाला दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन का उकसाने वाला व्यवहार उसके पड़ोसियों की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। हेगसेथ ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय एवं समुद्री दावे शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाने के वादों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। संघर्ष नहीं चाहते लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीन आप पर या किसी और पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश न करे।

## ऑफ बीट

# कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं



पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां-कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे, जिससे किसानों के लिए उनका आकर्षण सीमित था। इसके विपरीत, आज के मॉडल खरीद के तुरंत बाद उड़ाए जा सकते हैं और 220 पाउंड (100 किलोग्राम) तक का भार उठा सकते हैं - जो उर्वरक की दो बोरियों के बराबर है। करों, शुल्कों और नौ-परिवहन लागतों के कारण इनकी कीमतें अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती हैं। अमेरिका में, एक ड्रोन मालिक को उसी उपकरण के लिए 20,000 से 30,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसे चीन का एक किसान 10,000 अमेरिकी डॉलर से भी कम में खरीद सकता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

*श्रीकाकुलम। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मौत के बाद मंदिर के संस्थापक मुकुंद पांडा ने कहा कि इस हादसे के लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालु अपने आप ही एक साथ आगे बढ़ गए, जिससे यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एक निजी संस्था है और बिना आवश्यक मंजूरियों के संचालित हो रहा था। आयोजक सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहे। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।*

## वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के संस्थापक ने दी सफाई

# इतने लोग एक साथ आ जाएंगे तो क्या करूं?

## आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में भगदड़ का मामला

### बहुत भीड़ थी मुझे नहीं पता क्या हुआ?

यह हादसा उस दिन हुआ, जब एकादशी और कार्तिक महीने का त्योहार एक साथ पड़ा, इसलिए बहुत सारे लोग दर्शन करने मंदिर आ गए थे। मंदिर के पुजारी मुकुंद पांडा ने कहा, इतने लोग एक साथ आ जाएं तो मैं क्या करूं? मैं आमतौर पर सभी को लाइन में भेजता हूं, लेकिन कल बहुत भीड़ थी। मुझे नहीं पता क्या हुआ, मैंने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी।



श्रीकाकुलम में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भीड़ का दृश्य।

### भगदड़ में 10 लोगों की गई थी जान

मंदिर के संस्थापक ने बताया कि उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी, क्योंकि उन्हें लगा कि सब कुछ सामान्य रहेगा और किसी भी दूसरे दिन की तरह ही पूजा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। शनिवार को श्रीकाकुलम जिले के इस मंदिर में भगदड़ की घटना हुई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है, जबकि कई अन्य घायल हुए। यह मंदिर पुजारी मुकुंद पांडा ने अपनी जमीन पर स्वयं बनाया था।



वेंकटेश्वर मंदिर

### ऐसी स्थिति बन गई जो समझ के बाहर थी

उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को नहीं बताया। मुझे हिम्मत थी, मैंने सभी से कहा कि वे कतार में जाएं। लोग दर्शन के लिए आए थे। अगर वे अचानक दौड़ पड़े और स्थिति ऐसी बन गई, तो मैं क्या कर सकता हूं? पांडा ने बताया कि वह दोपहर तीन बजे तक वहीं मौजूद थे और बिना खाना खाए भीड़ को संभालने की कोशिश कर रहे थे, बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

---

## खबर संक्षेप

### नारकंडा के पास खाई में गिरा वाहन, 29 घायल

**शिमला।** नारकंडा के पास शनिवार रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। ट्रैवलर में 32 लोग सवार थे। हादसे में 29 घायल हुए हैं, जिनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे।



### ओडिशा एसआई भर्ती घोटाले का प्रमुख अरेस्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की सीआईडी-क्राइम ब्रांच ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड शंकर प्रुष्टि को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे प्रुष्टि को उत्तराखंड पुलिस की मदद से पकड़ा गया और रविवार सुबह ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया।



### धारा-पोरिए गांव में पहली बार जला बल्ब, लोग खुश

**शिमला।** सैंज घाटी का दुर्गम गांव धारा-पोरिए। यहां रात का मतलब अब तक सिर्फ अंधेरा था। तीन पीढ़ियां मोमबत्ती, लालटेन और सूरज की रोशनी के सहारे जिंदगी चलाती रहीं। बिजली न होने से पूरा गांव बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की सुरक्षा तक जूझता रहा। अब धारा-पोरिए गांव में बिजली का पहला बल्ब जला।



### चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल पर चला बुलडोजर

**चंडीगढ़।** यहां के सबसे बड़े मॉल में प्रशासन की तरफ से बुलडोजर एक्शन लिया गया है। रविवार सुबह ही इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के नेक्सस एलांते मॉल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 35,040 स्क्वॉयर फीट एरिया में बिल्डिंग वॉयलेशन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया था, अब इस पर कार्रवाई की गई है।



### छात्र की पिटाई कर पैंट में बिच्छू डाला, शिक्षकों पर मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षकों पर आठ वर्षीय दलित लड़के को बार-बार पीटने और उसकी पैंट में बिच्छू डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के खड़ापानी क्षेत्र में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पहली कक्षा के छात्र के पिता ने प्रधानाध्यापक देवेंद्र और शिक्षकों बाबू राम व कृतिका ठाकुर पर आरोप लगाया है कि वे लगभग एक साल से उसके बेटे की पिटाई करते रहे हैं। पिटाई से बच्चे के कान से खून बहने लगा और उसके कान का पर्दा क्षतिग्रस्त हो गया।

---

## बिहार विधानसभा चुनाव पर कानपुर में बोले सीईसी ज्ञानेश कुमार

# हिंसा बर्दाश्त नहीं, आयोग के लिए सभी दल एक समान, पारदर्शिता का दिलाया भरोसा

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कार्यक्रम में पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में, राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है।

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में, हर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए कोई सत्ता पक्ष या विपक्ष नहीं है। सभी समान हैं।छ मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं। चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर मनाएं और वोट डालने जरूर आएं।चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है। हिंसा की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम मतदाता अपनी इच्छानुसार शांतिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाएं। चुनाव आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। बिहार के ये चुनाव न केवल पारदर्शिता, बल्कि दक्षता, सादगी और उत्सवपूर्ण माहौल का उदाहरण बनेंगे।

**हमारे लिए कोई सत्तापक्ष या विपक्ष नहीं**

### माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन



**कानपुर।** आयोजन में सीईओ ज्ञानेश कुमार ने शिरकत की।

### बिहार में चुनावी बवाल पर भड़के

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ और सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी भी राजनीतिक दल के साथ पक्षपात नहीं करता। सभी दल उसके लिए एक समान हैं। इस अपील के जरिए आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण मतदान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'बिहार चुनाव में हर राजनीतिक दल अपने-अपने अंदाज में प्रचार कर रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं दोबारा साफ कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न सत्ता पक्ष है, न विपक्ष। सभी पार्टियां बराबर हैं।' यह बयान राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती तनातनी के बीच आयोग की निष्पक्षता को रेखांकित करता है।

**मतदाताओं से की विशेष अपील**

### चुनाव को उत्सव बनाएं, वोट जरूर डालें

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार के सभी मतदाताओं से दिली अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार के हर मतदाता से अनुरोध करता हूं । आइए, चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर सजाएं और वोट डालने जरूर पहुंचें।' कुमार को पूरा विश्वास है कि लोग बड़ी तादाद में मतदान केंद्रों पर आएंगे। उन्होंने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि मतदाता भारी संख्या में वोट डालेंगे।




### हिंसा पर जीरो टॉलरेंस कोई समझौता नहीं

चुनाव आयोग ने हिंसा के खिलाफ अपनी सख्त नीति को दोहराया। ज्ञानेश कुमार ने चेतावनी दी कि आयोग की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। कोई भी हिंसक घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम मतदाता शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अपनी मर्जी से वोट डाल सके, यही हमारा लक्ष्य है। यह कदम चुनावी सरगर्मियों के बीच सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

### चुनाव पूरी तरह तैयारः पारदर्शिता और दक्षता का विश्व उदाहरण

ज्ञानेश ने बताया कि बिहार चुनाव न सिर्फ पारदर्शी होंगे, बल्कि दक्ष, सरल और उत्सवपूर्ण माहौल वाले भी। ये चुनाव पारदर्शिता, दक्षता, सादगी और उत्साह का मिसाल बनेंगे न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं ताकि मतदान प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के संपन्न हो।

**बढ़ती सरगर्मियां और आयोग की प्रतिबद्धता**

बिहार में राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला जोरदार है। एनडीए और महागठबंधन समेत सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार में जुटी हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की यह अपील मतदान प्रतिशत बढ़ाने और हिंसा रोकने के लिए बेहद अहम है।

**बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा**

इस चुनावी मौसम में बिहार के मतदाताओं की भागीदारी ही राज्य की नई राजनीतिक दिशा तय करेगी। चुनाव आयोग की मजबूत तैयारियों और अपील से उम्मीद जगी है कि बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा।

---

## पूर्व सीजेआई रमना का बड़ा खुलासा

# मुझे मजबूर करने परिवार पर दर्ज कराए गए थे केस



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

पूर्व सीजेआई एनवी रमना ने वीआईटी-एपी यूनिवर्सिटी के 5वें कॉन्वोकेशन में कहा कि आप सभी जो यहां मौजूद हैं, आप में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि कैसे मेरे परिवार को टारगेट किया गया और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किए गए। यह सब सिर्फ मुझे मजबूर करने के लिए किया गया था, और मैं अकेला नहीं था।

पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा है कि उन्हें मजबूर करने के लिए उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। जस्टिस रमना ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि न्यायपालिका के वे सदस्य भी जिन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया, उन्हें दबाव और जुल्म का सामना करना पड़ा। जिन जजों की कोई भूमिका नहीं थी, उनके परिवार राजनीतिक संगठनों के लिए जमानती बन गए।

### कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब कई पॉलिटिकल लीडर कोई स्टैंड लेने या चुप रहने में हिचकिचा रहे थे, यह देश के जज, वकील और कोर्ट थे जो अपने कॉन्स्टिट्यूशनल वादे पर डटे रहे। सरकारें भले ही बदल जाएं, कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने रहते हैं। और कानून का राज तभी बचता है जब लोग पब्लिक में अपना भरोसा दिखाते हैं, सुविधा के लिए अपनी ईमानदारी छोड़ने से मना करते हैं। अमरावती से अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि मैं अमरावती के किसानों के जज़्बे को सलाम करता हूं, जिन्होंने हिम्मत से सरकारी सिस्टम की ताकतों का सामना किया। मुझे किसानों के संघर्ष से बहुत प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें ज्यूडिशियल सिस्टम और डेमोक्रेटिक प्रोसेस पर भरोसा दिखाने के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

### किसानों के मुद्दों पर डराया गया

मैं अकेला नहीं था। उस मुश्किल दौर में, किसानों के मुद्दे से हमदर्दी रखने वाले सभी लोगों को डराया-धमकाया गया और जबरदस्ती का सामना करना पड़ा। जस्टिस रमना उस समय की वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ किसानों के आंदोलन का जिक्र कर रहे थे, जिसमें आंध्र प्रदेश की अकेली राजधानी अमरावती को खत्म करके '3 राजधानियों' का फ्रॉर्मूला अपनाया गया था, जिसमें विशाखापत्तनम एडमिनिस्ट्रेटिव राजधानी, अमरावती-लेजिस्लेटिव राजधानी और कुरनूल-ज्यूडिशियल राजधानी होगी।

---

## मंत्री ने लाइव आकर यू ट्यूबर को दी चेतावनी

# यदि छवि बिगाड़ी तो पुलिस उठाएगी भी और पीटेगी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जबेरा विधायक और पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार सुबह फेसबुक पेज पर लाइव आकर ऐसे लोगों को चेतावनी दी है जो उनकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि जो बिना किसी तथ्य के छवि बिगाड़ने का प्रयास करेगा, पुलिस उसे उठाएगी भी और पीटेगी भी। गलत करोगे तो कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। मंत्री के सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव आने के पीछे का मुख्य कारण तीन दिन पहले जबेरा विधानसभा के एक घटनाक्रम से जुड़ा है। जहां एक यू ट्यूबर ने सिग्रामपुर गांव में शराब बंदी को लेकर एकत्रित लोगों के बीच मंत्री धर्मेंद्र लोधी और पशुपालन मंत्री लखन पटेल को निशाना बनाने का प्रयास किया था। वहां मौजूद लोगों के माध्यम से मंत्रियों के शराब माफिया से मिले होने की बात का जिक्र किया गया था। इसके बाद मंत्री के निर्देश पर जबेरा पुलिस ने शुक्रवार रात यू ट्यूबर राघवेंद्र राठौर पर मामला दर्ज किया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी को लेकर यूट्यूबर ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया जिसमें सब कुछ सामान्य निकला।

**यू ट्यूबर ने मंत्री पर लगाया था शराब माफिया से मिले होने का आरोप, गिरफ्तार**



---

**एक के बाद एक धमाकों से काला सागर के पास भय का साया**

# यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनल में भीषण आग

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन ने लगातार दूसरे दिन रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी सेना ने शनिवार की रात काला सागर के किनारे स्थित रूस के तुआप्से ऑयल टर्मिनल पर भीषण ड्रोन हमला किया। इसके बाद वहां भयंकर आग की लपटें और काला धुआं उठता देखा जा रहा है। यह टर्मिनल रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनलों में से एक है। यह शनिवार रात अचानक आग की लपटों से घिर गया। रात के गहरे सन्नाटे को चीरती ड्रोन की गूंज ने बंदरगाह के ऊपर भय का साया फैला दिया।



### यूक्रेन ने लिया रूस से बदला

यूक्रेन का यह हमला हाल ही में उसके पूर्वी क्षेत्र में सैन्य उपकरणों की सप्लाई मार्ग वाले पुल को उड़ाये जाने के बाद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा किया गया था, जो रूस के क्रास्नोदार क्राय क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर चलाए गए ड्रोन अभियान का हिस्सा था।

### रूस में तत्काल घोषित हुआ आपातकाल

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत आपातकाल घोषित कर दिया। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल की ओर दौड़ीं, लेकिन हर नई लपट उनके प्रयासों को चुनौती देती रही। हवा में तेल और जलते धातु की तीखी गंध भर गई थी। इस हमले ने न सिर्फ रूस की ऊर्जा व्यवस्था को झटका दिया, बल्कि तुआप्से के निवासियों के दिलों में डर और अनिश्चितता भी भर दी।

---

## नोएडा के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने से धमाका

**जरा भी लापरवाही ले सकती थी कई की जान समय रहते हुई कार्रवाई**

# वार्ड में धुआं फैलने से मची अफरा तफरी, सप्लाई रुकने से 8 मरीजों की हालत बिगड़ी, शिफ्ट किया

*नोएडा के निजी अस्पातल में ऑक्सीजन लाइन फटने के चलते सप्लाई रुक गई। ऐसे में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।*

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के सेक्टर 66 स्थित निजी अस्पताल में रविवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक ऑक्सीजन पाइप फटने से अफरा-तफरी मच गई। लाइन फटने से हुई तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे। वहीं, दूसरी ओर लाइन फटने से गंभीर मरीजों को दी जा रही ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई, इससे कुछ देर के लिए मरीजों को ऑक्सीजन न मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मामले को लेकर मौके पर फेस 3 थाने की पुलिस पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर आइसीयू में भर्ती मरीजों को पास के अस्पताल में एंबुलेंस के सहारे शिफ्ट किया गया। आनन-फानन पांच मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### गनीमत रही समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया



अस्पताल के बाहर का दृश्य।

**मरीजों को शिफ्ट किया**

गंभीर मरीजों को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया। इतनी देर में सभी मरीजों के परिजनों को भी जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### तत्काल पहुंची दमकल टीम

आज फायर स्टेशन फेस-3 पर ममूरा स्थित निजी अस्पताल में ब्लास्ट होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऑक्सीजन लाइन में लीकेज होने के कारण माइनर ब्लास्ट हुआ था जिस कारण मरीजों को तत्काल एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है न ही किसी प्रकार की कोई आगजनी हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

---

## पीएम-सीएम से पॉल्यूशन पर बोलीं प्रियंका

# राजनीतिक मजबूरियों से ऊपर उठकर एकजुट हों 'माननीय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं। प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे। साल दर साल दिल्ली के नागरिक इस ज़हरीलेपन का शिकार होते हैं। इस गंदी धुंध को दूर करने के लिए तुरंत काम करने की जरूरत है। प्रियंका ने इस मामले पर तुरंत कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम रेखा गुप्ता से अपील की है।

## बिहार इलेक्शनः गोंदिया से बरौनी तक चलेगी चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस

**राजनांदगांव।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। बिहार में मतदान के पहले तक यह स्पेशल एक्सप्रेस गोंदिया से बरौनी तक चलाई जाएगी। कल 3 नवंबर से इसकी शुरूआत होगी। उल्लेखनीय है कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर ट्रेनों में वोटरों की भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने गोंदिया से चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस चलाने को मंजूरी दी है। चुनाव में मतदान का प्रतिशत भी काफी कम रहता है। इसी के चलते रेल मंत्रालय ने बिहार के वोटरों के लिए इस ट्रेन क्रमांक 08843/08844 को हरी झंडी दिखाई है। यह ट्रेन गोंदिया से बरौनी तक चलाई जाएगी। चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस 3, 4, 8 और 9 नवंबर को गोंदिया से रवाना होगी। विपरीत दिशा से ट्रेन क्रमांक 08844 (बरौनी-गोंदिया) चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस 04, 05, 09 एवं 10 नवम्बर 2025 को बरौनी से 22.15 बजे रवाना होकर जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, हजारीबाग, राउरकेला, रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, रायपुर आदि प्रमुख स्टेशनों से होते हुए दुर्ग आगमन 00.20 बजे, प्रस्थान 00.25 बजे, राजनांदगांव आगमन 1 बजे होगा।

### हादसा : छोटी बहन के साथ छत में खेल रही थी बच्ची तभी तार के चपेट में आ गई

# हाईटेंशन तार की करंट से 8 साल के मासूम की मौत, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से लगे पारागांव ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 में एक 8 साल की मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हाईटेंशन तार के करंट से हो गई। जानकारी के मुताबिक यह बच्ची छोटी बहन के साथ छत में खेल रही थी। हल्की बारिश होने की वजह से छत के ऊपर से गए हाईटेंशन तार के करंट ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना की जानकारी होने के बाद घर के लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉ. ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। 8 साल की इस बच्ची का नाम अरहमा पिता अब्दुल खान बताया गया है। इस दुर्घटना को लेकर नवापारा के मुस्लिम समाज ने न केवल तीव्र आक्रोश जाहिर किया बल्कि बिजली दफ्तर के सामने सांकेतिक रूप से धरना और प्रदर्शन भी की। सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष अल्तमश सिद्धिकी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से सहायता राशि यथाशीघ्र दिए जाने की मांग किया है। चूंकि जिस परिवार में यह घटना हुई है वह काफी गरीब परिवार है ।





### कार्रवाई करेंगे

इस संबंध में मुस्लिम समाज एवं मुहल्लेवासियो ने पूर्व में कई बार विभाग के अफसरों का न केवल ध्यान आकर्षित किया बल्कि बिजली खंभा और हाईटेंशन तार को हटाने की मांग भी की। लेकिन विभाग के अफसरशाही की वजह से न तो खंभा हटा और न ही हाईटेंशन तार और यह घटना हो गई। अभी यहां विभाग में नया कार्यपालन अभियंता श्री प्रसाद आए है। घटना की खबर पर वे मौके पर पहुंचे और मुस्लिम समाज तथा मुहल्लेवासियों को आश्वस्त किया कि इस खंभे और हाईटेंशन तार को हटाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करेंगे। कार्यपालन अभियंता द्वारा आश्वस्त करने पर मुहल्लेवासियों ने संतोष जाहिर किया है। अब देखना यह है कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले और भविष्य में भी खतरा बने यह खंभा और हाईटेंशन तार कब तक हटता है?

### धान कटाई कर रहे किसान को सर्प ने डसा, मौत

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सुंदरकेरा के मेहनतकश किसान संतोष साहू उम्र 42 वर्ष को एक जहरीले सर्प ने उस वक्त डस लिया जब वे अपने खेत में धान की कटाई हसिया से कर रहे थे। सर्प डसने से उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक खेत में उस वक्त मृतक किसान के अलावा 10-12 अन्य मजदूर भी कटाई में लगे हुए थे। आधा खेत में फसल की कटाई हो गई थी। कुछ देर बासी और रोटी खाने के बाद थोड़ा विश्राम किए फिर सारे लोग कटाई में जुट गए। फसल में हसिया चलाते-चलाते एक साथ एक लाइन से सभी लोग कटाई करते आगे बढ़ रहे थे तभी कोई जहरीला सर्प किसान संतोष साहू के दाहिने पैर के छोटी उंगली को काटा और इसके तत्काल बाद कटाई के लिए कमर झुकाए किसान के घुटने को भी डस लिया। ये घटना कुछ ही पल में हो गया। किसान को जब एहसास हुआ कि उसे सर्प ने डसा है और जहर चढ़ने लगा तो फौरन अन्य लोगों की मदद से उन्हें शहर के एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया गया। यहां ठीक नहीं होने पर रायपुर के लिए रिफर किया गया। चार दिनों तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष करने वाले किसान की मौत आखिर 1 नवंबर शनिवार को हो गई। किसान की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का वातावरण है। ये घटना 28 अक्टूबर की है जब वे मजदूरो के साथ अपने खेत में कटाई करने पहुंचे थे। किसान नेता नत्थूराम साहू ने सर्पदंश से मौत को लेकर शासन द्वारा जो सहायता राशि तात्कालिक रूप से दी जाती है इसे शीघ्र प्रदान करने की मांग किया है।

## जुआ खेल रहे पांच लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द में जुआ खेल रहे पांच लोगों पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 10,200 रुपए नगद और 4 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम लभराखुर्द आम गली मयंक ध्रुव के घर के पास के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इसके बाद पुलिस की घेराबंदी और कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे कुछ लोग भाग गए। वहीं मौके पर गौरव पिता लीलाराम सेन (20 साल) निवासी लभराखुर्द वार्ड क्रमांक 10, मालिकराम पिता सुखरू चक्रधारी (38 वर्ष) निवासी कुम्हारपारा महासमुंद वार्ड क्रमांक 24, सुशील नेताम पिता सुबेलाल नेताम (23 साल) निवासी नया रावणभांठा महासमुंद वार्ड क्रमांक 30, साहिल ध्रुव पिता कोमल सिंह ध्रुव (18 वर्ष) ग्राम मधुबन थाना पटेवा हाल निवास सुभाष नगर महासमुंद, संतोष उर्फ गोलू ध्रुव पिता किशनलाल ध्रुव (38 वर्ष) ग्राम कुर्मीपारा वार्ड नंबर 17 महासमुंद को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नगद 10200 रुपए, 4 नग मोबाइल फोन अनुमानित कीमती 62000 रुपए को बरामद किया गया है। धारा 3(2), 5 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# नक्सलियों के तीन ठिकानों से आईईडी सामग्री व कुकर बम का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना शोभा और थाना पायलीखण्ड (जुगाड़) क्षेत्रांतर्गत ग्राम साईबीनकछार, कोदोमाली और भूतबेड़ा के जंगलों में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर नक्सलियों द्वारा डम्प की गई भारी मात्रा में आईईडी बनाने का सामान, चार कुकर बम, इलेक्ट्रिक वायर, फटाखे और राशन सामग्री बरामद की है। जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित इन इलाकों में यह कार्रवाई जिला पुलिस बल की ऑपरेशन ग्रुप (ई-30) टीम द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन उदंती एरिया कमेटी के नक्सलियों ने पुलिस बल और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जंगल में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी है। सूचना के आधार पर रविवार सुबह ऑपरेशन टीम ने बीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड) के साथ सघन सर्च अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पुलिस को जंगल के अंदर तीन अलग-अलग स्थानों पर जमीन में गाड़े गए संदिग्ध डम्प मिले। खुदाई करने पर वहां से विस्फोटक सामग्री, चार प्रेशर कुकर, इलेक्ट्रिक वायर, फटाखे और अन्य राशन सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नक्सलियों की दहशत फैलाने और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम करने में अहम साबित हुई है। गरियाबंद पुलिस ने इस सफलता को माओवादी नीतियों के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# ट्रक समेत 36 लकड़ी गोला और 3 चैन शॉ मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



एक नवंबर की देर शाम एक बड़ी कार्रवाई की गई। तहसील क्षेत्र बड़ेराजपुर अंतर्गत हल्दा गांव (ओडिशा बॉर्डर) के पास सूचना पर अवैध रूप से काटे गए आम के 36 लकड़ी गोला, 03 नग चैन शॉ मशीन और अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0786 को जब्त किया गया है। विभाग से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से हरे-भरे पेड़ों को अवैध तरीके से काटकर उनके बिना दस्तावेजी कार्यवाही के परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इस सूचना पर केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आकांक्षा नायक के मार्गदर्शन में बड़ेराजपुर तहसीलदार फणेश्वर सोम के नेतृत्व में राजस्व विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई।

## बस्तर की पहचान दुनिया में कला, संस्कृति सभ्यता और पर्यटन में बनी : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शुभारंभ किया। उन्होंने विभागों द्वारा आयोजित स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में आमचो बस्तर हाट कियोस्क का उद्घाटन करते हुए कलागुड़ी कैटलॉक का विमोचन किया। डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि दंतेश्वरी मैय्या के पवित्र धरा में हम प्रदेश का 25 वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने छतीसगढ़ के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने 25 वर्ष में सभी क्षेत्रों में विकास किया है। शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना का विकास किया, विकास की गंगा बह रही है। जिसके कारण देश में राज्य ने नई पहचान बनाई है। तेज गति से विकास करने, बड़े बड़े उद्योगों के लिए निवेश हो रहे हैं। दुर्गम क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और पुलिस के द्वारा नक्सल मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सलियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी गई है। बस्तर को दुनिया अब कला, संस्कृति, सभ्यता और पर्यटन के क्षेत्र में पहचान बनाई है।

# जिले में सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जाने की कार्रवाई शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपात्र हितग्राहियों द्वारा लिए जा रहे गरीबों के राशन मामले में छंटनी शुरु होने के बाद सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जाने की कार्रवाई शुरु हो गई है। इससे जिले भर से हजारों राशनकार्ड धारियों अपात्र होकर भी बीपीएल कोटे का राशन लेने वाले हितग्राहियों की छंटनी शुरू हो गई है। सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। बता दें कि पांच एकड़ से अधिक जमीन और 6 लाख से ज्यादा वार्षिक आय वाले लोगों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की कार्वाई शुरू हो गई है। सत्यापन में अब तक 9100 राशनकार्डधारी अपात्र पाए गए हैं। इनमें 6875 लोगों के राशनकार्ड निरस्त किए जा चुके हैं। 2223 कार्डों को निरस्त किया जाना शेष है।

जिले में पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले एक लाख 36 हजार 955



कार्डधारक हैं। इसमें से 180 कार्ड निरस्त किए जा चुके हैं। 1 लाख 36 हजार 775 का सत्यापन शेष है। जिले में 6 लाख से अधिक आय वाले 1849 लोगों के राशनकार्ड हैं। इसमें 889 कार्ड निरस्त किए गए हैं। 960 का सत्यापन शेष है। आयकर देने वाले 44 हैं। ऐसे 21 लोगों के कार्ड निरस्त किए गए हैं। 23 लोगों पर कार्रवाई होना शेष है। एमसीए के तहत 178 लोगों के राशनकार्ड का सत्यापन होना है। अब तक 82 लोगों पर कार्रवाई की गई है। 95 लोगों के राशनकार्ड पर कार्रवाई होना शेष है।

### भौतिक सत्यापन

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 3 लाख राशनकार्ड हैं। वहीं शहरों में लगभग 32 हजार 243 राशन कार्ड हैं। लगभग 2 लाख 98 हजार कार्ड बीपीएल के तहत आते हैं। लगभग 30 हजार एपीएल कार्ड हैं। सत्यापन के बाद बीपीएल से एपीएल कार्ड बनाया जाएगा। अभी भी हजारों कार्डधारियों का सत्यापन होना शेष है।

### कार्डों की भी जांच

जिले में 5774 राशनकार्ड में पुरुष मुखिया हैं। ऐसे राशनकार्डों की भी जांच की जा रही है। यदि इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला सदस्य हैं तो वहीं राशनकार्ड व परिवार की मुखिया होंगी। ऐसे कार्डों की भी जांच की जा रही है, जिसमें महिला सदस्य की उम्र 18 से कम होने पर ही पुरुष मुखिया होंगे।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यतानुसार (आवास फ्री) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर, 7747000019, 7747000016, 7746000016. (RO-348)

**ऑपरेटर/अकाउन्टेन्ट**

आवश्यकता है- दाल मिल में कार्य हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है-टेली डाटा एन्ट्री ऑपरेटर - (वेतन 12,000/-15,000/-), जूनियर एकाउन्टेंट-(15,000/प्रारंभ), सीनियर एकाउन्टेंट-(20,000/प्रारंभ), दाल मिल कार्य हेतु अनुभवी कर्मचारी- (वेतन 13,000 प्रारंभ, कम्प्युटर जानकार को 15,000/) हमाली कार्य हेतु 6 मजदूर। 4 मजदूर कुली कार्य हेतु संपर्क- कन्हैयालाल संतोषकुमार दालमिल बंजरपारा, सड्डु, विधानसभा, रायपुर- 9826141178. (RO-6553)

**सफाई कर्मचारी**

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति : चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800. (RO-7000)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**थैरापिस्ट**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में काम करने हेतु लड़को (पंचकर्म थैरापिस्ट) की आवश्यकता है संपर्क करें श्री आयुर्वेद, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) 9827312343, 9406010081.(RO-4030)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 5 युवक/युवतियों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 15000 तक भिलाई/दुर्ग वाले को प्राथमिकता, मो- 78038-56087, 82694-65640, 91094-79330 (आरो न.-684)

आवश्यकता है- ऑफिस में टेलीकॉलर काम के लिए लड़को की जरूरत है केवल अविवाहित 18 से 28 वर्ष आयु वाले ,ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 12000 रहने के लिए कमरा दिया जाएगा 7310671995, 6387630593. (RO-522)

आवश्यकता है- ग्वालियर में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 + कमीशन + बोनस के साथ कमाए 15000-20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया का कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करे - 9039470547.(RO-512)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 8889997826 (RO-38966)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है मोबाइल 7067048454. (RO-6556)

आवश्यकता है- कार एसेसरीज की दुकान में काम करने के लिए लड़कों और लड़कियों की जरूरत है। जरूरतमंद ही संपर्क करें। भाव्य ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो. 8815995939.(RO-344)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-464)

**सर्विस सेन्टर कर्मी**

आवश्यकता है- रायपुर में इंडस्ट्रियल मोटर / जनरेटर सर्विस सेंटर में आईटीआई इलेक्ट्रीशियन तथा वाइंडिंग कार्य हेतु वाइंडर, हेल्पर तथा मार्केटिंग कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है। संपर्क 7869096500, 7898900131.(RO-465)

**इंजीनियर/मैनेजर**

आवश्यकता है- दुर्ग/ राजनांदगांव में निम्न पदों के लिए कर्मचारी ( युवक/युवतियां) की आवश्यकता है। 5 साल अनुभवी को प्राथमिकता। * बी.ई/ डिप्लोमा सिविल इंजीनियर - 4 पद , * सुपरवाइजर भवन/सड़क निर्माण कार्य हेतु - 4 पद , * फार्म हॉउस मैनेजर -1 पद ,* फार्म हॉउस टेडेसरा साफ-सफाई कर्मचारी (फैमिली सहित) , के.पी.मिश्रा कन्स्ट्रक्शन पता- महाराजा चौक, डी-15, आदर्श नगर दुर्ग - 78698-77505, 70003-43771.(आरो 683)

**शोरूम कार्य**

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है संपर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा थाना के सामने, रायपुर मोबाइल : 9827109679. (RO-358)

**गोडाऊन कर्मी**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक/ युवतियों की तथा बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। मणिधारी ट्रेडर्स औषधि वाटिका, डूमरतराई रायपुर . मो. 9669164000, 9165929000.(RO-465)

**ठेकेदार/मिस्त्री**

आवश्यकता है- कूलर फैक्ट्री में विंडो कूलर बनाने एवं मिग वेल्डिंग,गैस वेल्डिंग करने के लिए ठेकेदार एवं मिस्त्री की आवश्यकता है। संपर्क - कूलर हाउस,गांधी चौक,रायपुर मोबाइल 9827129211.(RO-353)

**मैनेजर/हेल्थ वर्कर**

आवश्यकता है- भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर (Event Manager) कार्य हेतु (1-POST) 2- 5 YEAR EXPERIENCE वेतन 30000 + योग्यतानुसार ऑफिस कार्य 2, हेल्थ वर्कर 3, युवक- युवतियों की आवश्यकता है। वेतन 7000 - 8000, मो- 62682-79954 (आरो नं.-1681)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Business व्यापार**

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099. (RO-302)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- बंजारी मंदिर के पीछे FMCG में 2250sqft के दो गोदाम पक्की छत, लेट-बाथ, बोर, 3000sqft पार्किंग सहित 22500/- प्रत्येक या 45000/- में दोनों एक साथ किराये से देना है। संपर्क- 9098118228.(11 से 5 बजे) (RO-6555)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने कर्मचारी के लिए 'एसबीआई स्टार' किया शुरू




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वार्षिक कर्मचारी उत्कृष्टता पुरस्कार 'एसबीआई स्टार' (कर्मचारी प्रतिभा स्वीकृति एवं मान्यता) की शुरुआत की है। यह पुरस्कार पेशेवर क्षेत्रों से इतर कर्मचारियों की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा है।

### एनएसई का आईपीओ जल्द ही पेश होगाः सेबी




**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय से लंबित एनएसई का आईपीओ जल्द ही आएगा। पांडेय ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी पूर्ववर्ती माधवी पुरी बुच के जाने के बाद सेबी ने हितों के टकराव के खुलासे से संबंधित एक व्यवस्था बनाने के लिए एक समिति का गठन किया था।

### बैंक ऑफ बडौदा के लाभ में आठ फीसदी गिरावट



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की जानकारी दी। बीओबी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,238 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### सितंबर में चाय का उत्पादन 5.9% घटा



**कोलकाता।** सितंबर, 2025 के दौरान चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटकर 15.99 करोड़ किलोग्राम रह गया है। पिछले साल समान अवधि में यह 16.99 करोड़ किलोग्राम था। सितंबर, 2025 के दौरान असम में चाय उत्पादन 9.47 करोड़ किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 9.40 करोड़ किलोग्राम था।

### ओयो ने बोनस इश्यू के लिए आवेदन की सीमा बढ़ाई




**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने अपने गैर-सूचीबद्ध इक्विटी शेयरधारकों के लिए संभावित आईपीओ से संबंधित बोनस शेयर जारी करने के आवेदन की अंतिम तिथि एक नवंबर से बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। उसने निवेशकों को उनके लिए उपयुक्त बोनस विकल्प चुनने के लिए पर्याप्त समय देने का निर्णय लिया है।

### बीते सप्ताह सरसों, सोया व पामोलीन तेल में रही गिरवट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल, मलेशिया में बाजार टूटने से पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखी गई। दूसरी ओर, कम हाजिर दाम पर किसानों की बिकवाली घटने से सोयाबीन तिलहन, उत्पादक राज्यों में बरसात के मौसम के कारण आवक प्रभावित होने से मूंगफली तेल-तिलहन एवं बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया।

# जीएसटी कटौती से छोटी कारों की बिक्री में आई तेजी : मारुति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बदले हुए हालात में कुछ निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों में संशोधन कर रही

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से छोटी कारों की मांग में आई तेजी दर्शाती है कि भारतीय उपभोक्ताओं के अब छोटी कारों की जगह बड़े आकार वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही है।

भार्गव ने कहा कि बदले हुए हालात में कुछ कार विनिर्माता कंपनियां अपने उत्पादों की पेशकश में संशोधन कर सकती हैं। भार्गव ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि मारुति सुजुकी अपनी पांचवें विनिर्माण संयंत्र की स्थापना का फैसला करने के करीब है और अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा की जा सकती है।

### अब उपभोक्ताओं की बड़े वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही

#### 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता पर 28 फीसदी जीएसटी

जीएसटी दरों में संशोधन के बाद 1,200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहनों पर जीएसटी कर की दर 28 प्रतिशत एवं उपकर से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। भार्गव ने अक्टूबर महीने के बिक्री प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा, /"इस दौरान ''18 प्रतिशत जीएसटी'' वाली श्रेणी में हमारी खुदरा बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



*बड़ी कारों की ब्रिक्री में पांच फीसदी की वृद्धि : बड़ी कारों की बिक्री में भी लगभग चार-पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर हमने खुदरा बिक्री में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा गलत साबित हुई है कि कारों को लेकर सभी भारतीयों की आकांक्षाएं बदल गई हैं और कोई भी छोटी कार नहीं खरीदना चाहता है।*

#### त्योहारों पर खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही

*जीएसटी दरों में कमी के समग्र वाहन बिक्री पर पड़े प्रभावों पर उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2030-31 के लिए अपने उत्पादन और बिक्री अनुमान में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, /"त्योहारों के दौरान हमारी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिसमें छोटी कारों की बिक्री का प्रमुख योगदान रहा। बड़ी कारें भी बिक रही हैं, लेकिन उतनी ज्यादा नहीं।/"*

#### अब भी लोग छोटी कारें खरीदना चाह रहे

*भार्गव ने कहा कि अब भी बहुत से लोग छोटी कारें खरीदना चाहते हैं ताकि वे बेहतर निजी आवागमन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा, ''मारुति में लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन '18 प्रतिशत जीएसटी' श्रेणी में होता है। अब हमें उत्पादों के मिश्रण में बदलाव देखने को मिलेगा।'' भार्गव ने कहा कि इस श्रेणी के वाहनों की खुदरा बिक्री 40 प्रतिशत जीएसटी वाले वाहनों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी।*

### चीन ने जनवरी-सितंबर अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया

# विनिर्माताओं की मांग, इस्पात आयात रोकने के लिए और उपाय करे सरकार

- भारत ने जनवरी से सितंबर में 12.24 करोड़ टन कच्चे इस्तात का उत्पादन किया
- इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं

### चीन का यह उत्पादन भारत के घरेलू उत्पादन से छह गुना से अधिक है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस्पात विनिर्माताओं ने सरकार से चीन सहित चुनिंदा देशों से बढ़ते आयात पर लगाम लगाने के लिए और कदम उठाने का आग्रह किया है। चीन ने जनवरी-सितंबर की अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन का छह गुना से भी अधिक है।

वैश्विक निकाय विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) के अनुसार, भारत ने जनवरी-सितंबर में 12.24 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। जबकि अकेले सितंबर में चीन ने 7.35 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन 1.36 करोड़ टन का पांच गुना है।

#### भारत 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा

बाजार के आंकड़ों के अनुसार, स्टेनलेस स्टील भी 75 लाख टन की कुल स्थापित क्षमता के 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा है। आयात के प्रभाव के कारण यह केवल 60 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता की रक्षा के लिए आयात पर अंकुश लगाने के कई उपाय किए हैं।

#### स्टेनलेस स्टील ने भी आयात की जांच के लिए की मांग

*मार्च में, वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत अस्थायी रक्षोपाय (सेफगार्ड) शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। इसके बाद स्टेनलेस स्टील उद्योग ने भी स्टेनलेस स्टील के आयात की जांच के लिए सरकार से संपर्क किया क्योंकि रक्षोपाय शुल्क उनकी चिंताओं को दूर नहीं करता था।*



#### जून में जारी क्यूसीओ ने लगाया था कुछ प्रतिबंध

पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं, जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का अनुपालन नहीं करने वाले इस्पात उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश से रोकते हैं।इस साल जून में जारी क्यूसीओ ने कुछ इस्पात उत्पादों के इनपुट के आयात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

*देश लगातार छह माह शुद्ध आयातक रहा : देश लगातार छठे महीने शुद्ध इस्पात आयातक बना रहा। दक्षिण कोरिया, रूस और इंडोनेशिया से आयात बढ़ा, जबकि चीन, जापान, वियतनाम, थाइलैंड और ताइवान की हिस्सेदारी में सितंबर, 2024 की तुलना में गिरावट आई। क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जाए : घटिया और सस्ती सामग्री को देश में आने से रोकने के लिए क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जा सकती है।' दोनों ही घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए इसी तरह के और भी उपाय कर सकती है, जो सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाने को करोड़ों रुपये का निवेश करने की योजना बना रहे हैं।*

#### कम आयात कीमतों के कारण

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस्पात आयात में वृद्धि की ओर इशारा किया है, जो मुख्यतः कम आयात कीमतों के कारण है। इसने घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन का भी आह्वान किया है। इस साल सितंबर में, भारत ने 7.9 लाख टन तैयार इस्पात का आयात किया, जो अगस्त के 6.9 लाख टन से अधिक है।

#### घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आई

एक सूत्र ने बताया कि नीति आयोग की एक उच्चस्तरीय समिति अगले सप्ताह आयात के मुद्दे पर इस्पात उद्योग के दिग्गजों से मुलाकात कर सकती है।'बिगमिंट' के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गईं, जिसके लिए बढ़ते आयात सहित कई कारक जिम्मेदार थे।

# उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि दर सितंबर में घटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई




- आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार घटकर यह 7.3 प्रतिशत रही
- पिछले साल इसी अवधि में यह 8.9 प्रतिशत रही थी

सितंबर में उद्योगों को दिए जाने वाले बैंक ऋण की वृद्धि घटकर 7.3 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.9 प्रतिशत थी। आरबीआई के जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 19 सितंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के इसी पखवाड़े (20 सितंबर, 2024) के दौरान यह 13 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने सितंबर के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रीय आवंटन पर आंकड़े जारी किए हैं, जो 41 चुनिंदा वाणिज्यिक बैंकों से जमा किए हैं। ये ऋण सभी बैंकों के कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हैं। 'उद्योगों को दिए गए ऋण में पिछले साल के इसी पखवाड़े में 8.9 प्रतिशत की तुलना में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'

#### सेवा क्षेत्र में वृद्धि 10.2 प्रतिशत रही

आंकड़ों से पता चला कि सेवा क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिए जाने वाले ऋण में वृद्धि धीमी रही। दूसरी ओर पर्यटन, होटल और रेस्तरां, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और वाणिज्यिक अचल संपत्ति जैसे क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि देखी गई।

## बिजनेस साइट

# इट्सा हॉस्पिटल : डॉ. अभिजीत कोहाट की पहल मूवमेंट डिसऑर्डर के मरीजों को मिल रही नई राहत

**रायपुर।** शरीर की हर हरकत मस्तिष्क और नर्वस सिस्टम के तालमेल पर निर्भर करती है। जब यह तालमेल बिगड़ जाता है, तो व्यक्ति के शरीर में अनियंत्रित कंपकंपी, मांसपेशियों का खिंचाव या बार-बार मुड़ने जैसी परेशानी उत्पन्न होती है। ऐसी स्थितियों को मूवमेंट डिसऑर्डर कहा जाता है। इनमें डिस्टोनिया, हेमीफेशियल स्पैज़्म, ब्लेफेरोस्पैज़्म और स्ट्रोक के बाद की स्पैस्टिसिटी प्रमुख हैं। मरीजों को रोज़मर्रा के कार्यों में कठिनाई, दर्द और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इट्सा हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत कोहाट ने मूवमेंट डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की पहल की है। उन्होंने बताया कि चेहरे की



- सिंगापुर से प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत कोहाट के निर्देशन में सैकड़ों मरीजों को लाभ

अनियंत्रित फड़कन यानी हेमीफेशियल स्पैज़्म जैसी स्थिति का अब प्रभावी इलाज संभव है। यह समस्या आमतौर पर किसी नस पर दबाव या उत्तेजना के कारण होती है, जिससे चेहरे के एक हिस्से की मांसपेशियाँ बार-बार सिकुड़ने या फड़कने लगती हैं। इस समस्या का सबसे सुरक्षित और प्रभावी उपचार बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन (बोटॉक्स) है, जो मांसपेशियों को रिलैक्स कर असुविधा को काफी हद तक कम करता है। डॉ. अभिजीत कोहाट ने बताया कि इट्सा हॉस्पिटल, रायपुर में मूवमेंट डिसऑर्डर और बोटुलिनम टॉक्सिन थेरेपी के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। उन्होंने नेशनल न्यूरोसाइंस इंस्टीट्यूट, सिंगापुर से बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन और मूवमेंट डिसऑर्डर में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनके निर्देशन में सैकड़ों मरीजों को डिस्टोनिया, हेमीफेशियल स्पैज़्म, ब्लेफेरोस्पैज़्म और पोस्ट-स्ट्रोक स्पैस्टिसिटी जैसी समस्याओं से दीर्घकालिक राहत मिली है।

# बालको : छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और सामाजिक विकास की मजबूत पहचान






**रायपुर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको), जो वेदांता समूह की इकाई है, ने राष्ट्र और राज्य के सतत विकास में अपनी अहम भूमिका को एक बार फिर साबित किया है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के विज़न को साकार करने की दिशा में कंपनी लगातार छत्तीसगढ़ की औद्योगिक शक्ति और सामाजिक प्रगति में योगदान दे रही है। राज्य की रजत जयंती समारोह में बालको ने अपने विशेष पैवेलियन के माध्यम से एल्यूमिनियम निर्माण प्रक्रिया के साथ-साथ नंदघर, बालको मेडिकल सेंटर, बालको अस्पताल और विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया। इन पहलों ने न केवल कंपनी की औद्योगिक क्षमता को उजागर किया, बल्कि समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। साठ वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में बालको ने उद्योग जगत में उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित किया है। कंपनी ने अपने आस-पास के 125 से अधिक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में कार्य करते हुए लगभग 2 लाख से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। बालको के प्रबंधन का कहना है कि सतत विकास के इस मिशन में सरकार, समाज और समुदायों की साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। इसी सहयोग से कंपनी एक आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रगतिशील भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। बालको का यह सतत प्रयास न केवल छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि यह आने वाले वर्षों में राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## टीटागढ़ रेल को 2,481 करोड़ रुपए का मिला बड़ा ऑर्डर ...



**कोलकाता।** रेलवे इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण कंपनी टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने कहा कि उसे मुंबई मेट्रो लाइन-5 के लिए 2,481 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। टीआरएसएल को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) से यह ऑर्डर 132 मेट्रो कोच और संबंधित प्रणालियों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और चालू करने के लिए है। टीआरएसएल ने एक बयान में कहा कि इस अनुबंध में 24.9 किलोमीटर लंबी पटरी के लिए सिग्नलिंग, 16 स्टेशनों पर दूरसंचार प्रणालियां, मंच स्क्रीन डोर, डिपो मशीनरी और पांच साल का व्यापक रखरखाव भी शामिल है। यह परियोजना लाइन-5 कॉरिडोर के पहले चरण (कपूर बावड़ी-काशेली-धामनकर नाका) और दूसरे चरण (धामनकर नाका-भिवंडी-कल्याण एपीएमसी) दोनों को कवर करती है।

# मूडीज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की बीएए2 रेटिंग बरकरार रखी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की दीर्घकालिक जारीकर्ता और विदेशी मुद्रा में वरिष्ठ असुरक्षित ऋण रेटिंग को 'बीएए2'' पर बरकरार रखने के साथ कंपनी पर अपना 'स्थिर'' परिदृश्य भी बनाए रखा। मूडीज रेटिंग्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौस्तुभ चौबल ने कहा, 'आरआईएल की बीएए2 रेटिंग की पुष्टि कंपनी की मजबूत साख को दर्शाती है। इसमें इसके बड़े पैमाने पर संचालन




और तेल से लेकर रसायन, अपतटीय तेल और गैस, डिजिटल सेवाओं और संगठित खुदरा क्षेत्र में अग्रणी बाजार स्थिति शामिल है।'मूडीज ने कहा कि उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद आरआईएल के मजबूत वित्तीय मानक, ठोस नकदी और विवेकपूर्ण वित्तीय नीतियां इसके लचीलेपन को मजबूत करती हैं।

# रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 13 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री अक्टूबर में 13 प्रतिशत बढ़कर 1,24,951 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,10,574 इकाई बेची थीं। रॉयल एनफील्ड ने रविवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री इस अक्टूबर में बढ़कर 1,16,844 इकाई हो गई, अक्टूबर, 2024 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 101,886 इकाई बेची थीं। कंपनी ने कहा कि हालांकि, अक्टूबर, 2025 में उसका निर्यात सात प्रतिशत घटकर 8,107 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी इसी अवधि में 8,688 इकाई था। आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने कहा कि त्योहारी उत्साह के कारण देश भर से ग्राहकों की ओर से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली।

# एसबीआई व बॉब सहित देश के सभी बैंकों के डोमेन नेम बदले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

31 अक्टूबर 2025 से हमारी बैंकिंग प्रणाली में बहुत बड़ा बदलाव हो गया है। यह बदलाव साइबर अपराधों से लेकर ऑनलाइन ठगी को रोकने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। आज से भारतीय बैंकिंग की नई पहचान आ गई है। आपको ऐसा कोई चेंज सामने से नजर नहीं आ रहा होगा। आएगा भी नहीं क्योंकि आप और हम तो बैंक के ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। दरअसल चेंज हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों की वेबसाइट में। बैंक की वेबसाइट अब डॉट काम या डॉट इन नहीं रह गई हैं। आरबीआई ने सभी को डोमेन बदलने कहा था।




*डुप्लिकेट बनाना आसान है : अब बताते कि बैंक डॉट इन या फिन डॉट इन का क्या फायदा होगा. डॉट कॉम ग्लोबल लेवल पर और डॉट इन इंडिया के लेवल पर बहुत कॉमन हो चला है। हर वेबसाइट के पीछे यही लिखा होता है। इसकी वजह से इसका डुप्लिकेट बनाना कोई बड़ी बात नहीं। कितने ही केस हैं जहां एसबीआई डॉट इन के ऊपर एक नकली परत चढ़ाकर ठगी की गई। अब क्योंकि इनको नई पहचान मिल गई है तो उम्मीद है इस पर लगाम लगेगी।*

#### डॉट वेटसाइट का पता बताता है

डोमेन को वेबसाइट तक जाने का दरवाजा समझ लीजिए। एक डोमेन के दो भाग होते हैं। इसमें एक होता है टॉप-लेवल डोमेन (टीएलडी)। कुछ सामान्य टीएलडी उदाहरण हैं- डॉटकाम (कॉमर्शियल), डॉटओआरजी (संगठन), डॉट नेट(नेटवर्क), डॉट गवर्न (सरकार), डॉट ईडीयू (शिक्षा), डॉट यह वेबसाइट के प्रकार का पता बताता है। दूसरा होता है- सेकंड-लेवल डोमेन (एसएलडी) यह टॉप-लेवल डोमेन के नीचे आता है और वेबसाइट का स्पेशल नाम होता है।

# भारत बना विश्व विजेता तो हर मन खुश 52 रन से खत्म हुआ 52 साल का सूखा

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

महिला टीम इंडिया ने 52 साल बाद पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना। भारत ने साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में हराकर पहली बार ठीक उसी तरह खिताब हासिल किया, जैसे 1983 में मेंस क्रिकेट का पहला वर्ल्ड कप कपिल देव ने जिताया था। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली महिला टीम इंडिया ने मैदान में हार नहीं मानी और तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास को पूरी तरह से बदल दिया। महिला टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो शेफाली वर्मा ने 87 रन और 58 रन दीप्ति शर्मा ने बनाए। इससे साउथ अफ्रीका को 299 का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वूलवार्ट ने 101 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को पहला वर्ल्ड कप नहीं जिता सकीं। दीप्ति ने बल्ले के बाद गेंदबाजी में भी कमाल किया और पांच विकेट हॉल लेकर 52 साल बाद भारत को 52 रन से वर्ल्ड कप जिताया।

शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 रन) के अर्धशतक की बदौलत सात विकेट पर 298 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम दीप्ति शर्मा के पांच झटकों के सामने कप्तान लौरा वोलवार्ट (101 रन) के शतक के बावजूद 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति ने 39 रन देकर पांच विकेट झटके। शेफाली वर्मा ने भी दो विकेट और श्री चरणी ने एक विकेट हासिल किया। दीप्ति ने 58 गेंद में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 45 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 34 रन का योगदान दिया।

### लॉरा ने महिला वर्ल्ड कप में बनाए 500 प्लस रन

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वूलवार्ट ने शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके वनडे करियर का 11वां शतक रहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ इस खिलाड़ी ने दूसरा शतक लगाया। सेमीफाइनल मैच में भी लॉरा वूलवार्ट ने 169 रन की शानदार पारी खेली थी। पारी के दौरान वह एक विश्व कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी बनी। लॉरा ने महिला विश्व कप 2025 में 509 से ज्याादा रन बनाए। वह इस टूर्नामेंट के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की एलिसा हीली का रिकॉर्ड तोड़ा। हीली ने 2022 के विश्व कप में 9 पारियों में 56.55 की औसत के साथ 509 रन बनाए थे। वहीं 2022 के संस्करण में ही राचेल हेन्स ने 9 पारियों में 62.12 की औसत से 497 रन बनाए थे।





### शेफाली को मिला मौका,कर दिया कमाल

शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया और महिला वनडे वर्ल्ड कप में वो भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली महिला प्लेयर बन गईं। भारत की तरफ से महिला वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पूनम राउत के नाम पर दर्ज था, जिन्होंने साल 2017 में फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 86 रन की पारी खेली थी, लेकिन अब शेफाली ने उन्हें पीछे छोड़ दिया और नंबर 1 बन गईं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत कौर हैं, जिन्होंने साल 2017 के फाइनल में 51 रन की पारी खेली थी।

### मंधाना ने रिकॉर्ड किया अपने नाम

मंधाना अब एक विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। उनके अब 9 पारियों में 434 रन हो गए हैं। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2017 में 9 पारियों में 409 रन बनाए थे। सूची में पूनम राउत (381 रन, 2017) तीसरे नंबर पर हैं। पारी का 21 रन बनाते ही वह एक विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गईं।

### दीप्ति ने जड़ा 18वां अर्धशतक

दीप्ति ने मैच में 58 गेंदों का सामना किया और 58 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 100 की रही। ये दीप्ति के वनडे करियर का 18वां अर्धशतक रहा। उन्होंने 53 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दीप्ति के बल्ले से निकला यह छठा अर्धशतक है। उन्होंने अब तक 121 वनडे खेले हैं और 37.01 की औसत से 2,739 रन बनाने में सफल रहीं हैं।

### शेफाली ने सचिन तेंदुलकर की स्टाइल में लगाया छक्का

वर्ल्ड कप फाइनल में शेफाली वर्मा के लगाए 2 छक्कों में एक 73 मीटर का था। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के स्टाइल में बैट को पूरा घुमाए बिना लॉन्ग स्ट्रेट में साइट स्क्रीन पर छक्का मारा। ये शॉट उन्होंने नादिने डि क्लार्क के डाले 15वें ओवर में लगाया, इस शॉट से पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। शेफाली ने 78 गेंदों में 87 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके जड़े। वह अपने शतक से चूक गई, उन्हें 28वें ओवर में अयाबाँगा खाका ने आउट किया।

### भारतीय महिला टीम पर पैसों की बारिश

चैंपिय बनने वाली भारतीय महिला टीम पर पैसों की बारिश हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप के 13वें संस्करण की विजेता बनी भारतीय टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (लगभग 40 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली है। यह राशि साल 2022 के वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को मिली 1.32 मिलियन डॉलर से 239 प्रतिशत ज्यादा रही। वहीं रनर अप (उपविजेता) रही साउथ अफ्रीकी टीम को भी अच्छी खासी रकम मिली है। लॉरा वोलवार्ट की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीका को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपए) मिले है।

### कब कौन बना महिला वनडे वर्ल्ड कप का विजेता

- 1973: इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को अंकों के आधार पर हराकर पहला महिला वर्ल्ड कप जीता।
- 1978: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को अंकों के आधार पर हराकर खिताब जीता।
- 1982: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 3 विकेट से हराया (क्राइस्टचर्च)।
- 1988: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया (मेलबर्न)।
- 1993: इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 67 रन से हराकर ट्रॉफी जीती (लॉड्र्स)।
- 1997: ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर वर्ल्ड कप जीता (कोलकाता)।
- 2000: न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 4 रन से हराकर पहली बार खिताब जीता (लिंकन, न्यूजीलैंड)।
- 2005: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया (सुपरस्पोर्ट पार्क, साउथ अफ्रीका)।
- 2009: इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया (नॉर्थ सिडनी)।
- 2013: ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 114 रन से हराया (ब्रेबॉर्न, मुंबई)।
- 2017: इंग्लैंड ने भारत को 9 रन से हराया (लॉड्र्स)।
- 2022: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 71 रन से हराया (क्राइस्टचर्च)।
- 2025: भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 से हराय (नवी मुंबई)।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना का जाफ्ता बो ट्रायोन | 45 | 5 | 8 | 0 |
| शेफाली वर्मा का लुस बो खाका | 87 | 78 | 7 | 2 |
| जेमिमा का वोल्वार्ड बो खाका | 24 | 37 | 1 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर बो म्लाबा | 20 | 29 | 2 | 0 |
| दीप्ति शर्मा रन आउट | 58 | 58 | 3 | 1 |
| अमनजोत का एवं बो डि क्लार्क | 12 | 14 | 1 | 0 |
| रिचा का डर्कसेन बो खाका | 34 | 24 | 3 | 2 |
| राधा यादव नाबाद | 03 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12
कुल योग: 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन
गेंदबाजी: काप 10-1-59-0, खाका 9-0-58-3, म्लाबा 10-0-47-1, डि क्लार्क 9-0-52-1, लुस 5-0-34-0, ट्रायोन 7-0-46-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लौरा का अमनजोत बो दीप्ति | 101 | 98 | 11 | 1 |
| ताजमिन ब्रिट्स रन आउट | 23 | 35 | 2 | 1 |
| एनेक बॉश पगबाधा श्री चरणी | 00 | 6 | 0 | 0 |
| सुने लुस का एवं बो शेफाली | 25 | 31 | 4 | 0 |
| काप का घोष बो शेफाली | 04 | 5 | 0 | 0 |
| जाफ्ता का राधा बो दीप्ति | 16 | 29 | 1 | 0 |
| एनेरी डर्कसन बो दीप्ति | 35 | 37 | 1 | 2 |
| ट्रायोन पगबाधा दीप्ति | 09 | 8 | 1 | 0 |
| डि क्लार्क का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 18 | 19 | 3 | 0 |
| आयोबोंगा खाका रन आउट | 01 | 7 | 0 | 0 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 14
कुल योग: 45.3 ओवर में सभी आउट 246 रन
गेंदबाजी: रेणुका 8-0-28-0, क्रांति 3-0-16-0, अमनजोत 4-0-34-0, दीप्ति 9.3-0-39-5, श्रीचरणी 9-0-48-1, राधा 5-0-45-0, शेफाली 7-0-36-2

# वाशिंगटन-अर्शदीप के दम पर भारत की होबार्ट में जीत



एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारत ने होबार्ट टी20 इंटरनेशनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। वाशिंगटन सुंदर की शानदार बैटिंग और अर्शदीप सिंह की कमाल की बॉलिंग के दम पर टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर तीसरे मुकाबले में जीत मिली। उसके सामने 187 रन का लक्ष्य था और जिसे नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सुंदर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड के 74 और मार्कस स्टोइनिस के 64 रन के दम पर छह विकेट पर 186 का स्कोर बनाया। उनके अलावा बाकी बल्लेबाज नहीं टिक पाए। अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 अहम विकेट चटकाए।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरे मैच में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट निकाले। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने वहां अब तक 7 पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रविचंद्रन आश्विन का नाम है। अश्विन ने 11 पारियों में 11 विकेट हासिल किए थे। हार्दिक पांड्या ने भी ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में 9 पारियों में 11 विकेट निकाले हैं। जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वह 8 पारियों में 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। तीसरे टी-20 में 3 विकेट लेकर अर्शदीप सिंह अब टॉप पर पहुंच गए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर अर्शदीप के सामने ढहा

पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड (6) को पहले ही ओवर में गंवा दिया। अर्शदीप ने उनका विकेट लिया। जॉश इंग्लिस एक रन बना सके और अर्शदीप के दूसरे शिकार बने। इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श (11) और डेविड ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की और इसमें ज्यादातर रन डेविड के थे. मार्श 11 रन बनाने के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। अगली गेंद पर मिचेल ऑवन बोल्ड हो गए. इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन हो गया।

### सुंदर और जितेश शर्मा ने छठे विकेट के लिए की 43 रन की साझेदारी

सुंदर और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम की नैया पार लगा दी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी की। जितेश ने विजयी चौका लगाया। वे 13 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस 36 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। बार्टलेट और स्टोइनिस को एक-एक सफलता मिली।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का इंग्लिस बो एलिस | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल पगबाधा बो इंग्लिस | 15 | 12 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एलिस बो स्टोइनिस | 24 | 11 | 1 | 2 |
| तिलक का इंग्लिस बो बार्टलेट | 29 | 26 | 1 | 1 |
| अक्षर का बार्टलेट बो एलिस | 17 | 12 | 1 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 49 | 23 | 3 | 4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 22 | 13 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:18.3 ओवर में पांच विकेट पर: 188 रन
गेंदबाजी: बार्टलेट 4-0-30-1, एबट 3.3-0-56-0, एलिस 4-0-36-3, कुहनेमन 4-0-31-0, स्टोइनिस 2-0-22-1, शॉर्ट 1-0-13-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 | 4 | 1 | 0 |
| मार्श का वर्मा बो चक्रवर्ती | 11 | 14 | 1 | 0 |
| इंग्लिस का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 7 | 0 | 0 |
| डेविड का वर्मा बो दुबे | 74 | 38 | 8 | 5 |
| ओवेन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का स्थानापन्न बो अर्शदीप | 64 | 39 | 8 | 2 |
| मैथ्यू शॉर्ट नाबाद | 26 | 15 | 2 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 186 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-3 , बुमराह 4-0-26-0, चक्रवर्ती 4-0-33-2, अक्षर 4-0-35-0, शिवम 3-0-43-1, अभिषेक 1-0-13-0

## खबर संक्षेप

### हाइलो ओपन से उन्नति बाहर भारत की चुनौती समाप्त

**सारब्रूकेन।** उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री



कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई। उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था।

### नॉर्थ कोस्ट ओपन सेमी फाइनल में हारीं रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथीरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर



प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को चार गेम में हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की खिलाड़ी ने 12-10, 5-11, 11-3, 11-3 से जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# स्वियातेक ने सीधे सेटों में कीज को आसानी से हराया



**रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है।

### सिनर ने जीता पेरिस मास्टर्स का खिताब, फिर हासिल की नंबर एक रैंकिंग

**पेरिस।** इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन यानिक सिनर ने रविवार को पेरिस मास्टर्स फाइनल में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-4, 7-6 (4) से हराकर पुरुष टेनिस में नंबर एक रैंकिंग हासिल कर ली। सिनर ने रैंकिंग में छह बार के मेजर विजेता कार्लोस अल्काराज को शीर्ष से हटाकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पिछले रविवार को विएना में अपना पहला पेरिस खिताब जीतने के बाद इंडोर में जीत के सिलसिले को 26 मैच तक कर दिया। नौवीं वरीयता प्राप्त ऑगर-अलियासिमे को इटली में होने वाले सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में आठवां और अंतिम स्थान हासिल करने के लिए टूर्नामेंट में जीत की दरकार थी। सिनर ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ साल का अपना पांचवां और अपने करियर का 23वां खिताब जीता।

## झारखंड के 8 विकेट पर 510 रन मोहन ने लगाया दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| रांची

सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन (207 रन) के शानदार दोहरे शतक और विराट सिंह (105 रन) के शतक की मदद से झारखंड ने एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन नगालैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 510 रन का मजबूत स्कोर बनाया। झारखंड ने सुबह दो विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया। शिखर ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दोहरी शतकीय पारी के दौरान 21 चौके और तीन छक्के लगाए। साथ ही 20 साल के इस खिलाड़ी ने विराट सिंह (105) के साथ तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी करके झारखंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विराट के 77वें ओवर में आउट होने के बाद शिखर ने कुमार कुशाग्र (58) के साथ मिलकर 109 रन और जोड़कर नगालैंड के लिए मुश्किलें और बढ़ा दीं। विराट को जोनाथन आर ने आउट किया जबकि शिखर को आखिरकार 95वें ओवर में तहमीन रहमान ने आउट किया। स्टंप तक रॉबिन मिंज (75) और सुशांत मिश्रा (4) क्रीज पर थे।



# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज, बाबर ने लगाया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| लाहौर

बाबर आजम ने अपने करियर का 37वां अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की।

- पाकिस्तान ने अंतिम टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 4 विकेट से हराया

पाकिस्तान ने बाबर के 46 गेंदों पर 68 रन की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 139 रन ही बना सका था। दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी में पहला मैच 55 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान ने लाहौर में लगातार दो मैचों में जीत के साथ श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।



### पाकिस्तान ने 14 रन के अंदर गंवाए चार विकेट

बाबर ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए। उन्होंने कप्तान सलमान अली आगा (33) के साथ दूसरी विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान आखिरी ओवरों में 14 रन के अंदर चार विकेट गंवाने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन जबकि उस्मान तारिक और फहीम अशरफ ने दो दो विकेट लिए। अब इन दोनों टीम के बीच तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच मंगलवार को फैसलाबाद में होगा।

रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन केरल के खिलाफ कर्नाटक की शानदार पारी

# करुण और स्मरण के दोहरे शतक, कर्नाटक ने घोषित की 586 रन पर पारी

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम



अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर (233 रन) और रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 220 रन) के दोहरे शतक की बदौलत कर्नाटक ने रविवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन केरल के खिलाफ पहली पारी पांच विकेट पर 586 रन पर घोषित की। कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा और वी विजयकुमार के नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी से स्टंप तक केरल का स्कोर तीन विकेट पर 21 रन कर दबदबा बना लिया। मेजबान टीम 565 रन से पीछे है। करुण (389 गेंद, 25 चौके, दो छक्के) और स्मरण (390 गेंद, 16 चौके, तीन छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 343 रन की बड़ी साझेदारी की। इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय टीम से बाहर किए जाने वाले करुण ने सुबह 142 रन से आगे खेलना शुरू किया। उन्होंने कुछ दिन पहले शिमोगा में गोवा के खिलाफ नाबाद 174 रन बनाकर शतकीय पारी खेली थी। उसके बाद यह उनका लगातार दूसरा सैकड़ा है।

वहीं इंदौर में एक अन्य मैच में मध्य प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ हरप्रीत सिंह भाटिया (116 रन) के शतक और वेंकटेश अय्यर (65 रन) के अर्धशतक से स्टंप तक पहली पारी में आठ विकेट पर 384 रन बना लिए थे। चंडीगढ़ के लिए जगजीत सिंह संधू ने 69 रन देकर पांच विकेट झटके। पंजाब की टीम न्यू चंडीगढ़ में पहली पारी में 325 रन पर सिमट गई जिसके जवाब में गोवा ने बिना विकेट गंवाए 92 रन बना लिए। पंजाब के लिए उदय सहारन ने 126 रन और सलिल अरोड़ा ने 63 रन की पारी खेली।


### स्मरण का प्रथम श्रेणी मैच में उनका दूसरा दोहरा शतक

स्मरण ने दिन की शुरुआत 88 रन से की और सत्र का अपना पहला शतक जड़ने के बाद इसे दोहरे शतक में बदल दिया। यह 11 प्रथम श्रेणी मैच में उनका दूसरा दोहरा शतक है। पहले दो दौर में खराब प्रदर्शन के बाद कर्नाटक और केरल दोनों को अंक तालिका में ऊपर पहुंचने के लिए जीत की जरूरत है।
नासिक में बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण दिन का खेल सिर्फ 12 ओवर तक ही सीमित रहा। सौराष्ट्र ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 61 रन बनाए थे। शनिवार को पहले दिन का पूरा खेल बारिश के कारण धुल गया था।



# चमगादड़ों ने फिर फैलाया आतंक, ब्राजील में मिला कोविड-19 जैसा नया वायरस

**ब्रासीलिया।** जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम के वैज्ञानिकों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ब्राजील में मूंछों वाले चमगादड़ की एक प्रजाति में कोविड-19 जैसा एक नया वायरस खोजा है। इससे यह डर पैदा हो गया है कि यह वायरस इंसानों में फैल सकता है और एक नई बीमारी को जन्म दे सकता है। चमगादड़ कई वायरस के प्राकृतिक भंडार होते हैं, जिनमें बेटाकोरोनाविरस भी शामिल हैं जैसे गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोनावायरस 2, जिससे कोविड-19 हुआ और मध्य पूर्व श्वसन सिंड्रोम वायरस।



**क्या है इसका खतरा :** शोधकर्ताओं ने पाया कि यह नया वायरस इंसानों को संक्रमित करने वाले सीएआरएस-कोविड-2 से सिर्फ एक अमीनो एसिड के अंतर के साथ एक सक्रिय फ्यूरिन क्लीवेज साइट रखता है। यह साइट सीएआरएस-कोविड-2 और इबोला जैसे खतरनाक वायरसों में पाई जाती है और यह तय करती है कि वायरस कितना संक्रामक होगा और एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति में फैल सकता है या नहीं।

### क्या है वायरस की पहचान?

ओसाका और सिडनी यूनिवर्सिटी की टीम ने पटेरोनोटस पारनेली नामक छोटे कीटभक्षी चमगादड़ में इस वायरस का पता लगाया। इस चमगादड़ के चेहरे पर छोटे-छोटे बालों के गुच्छे होते हैं। इस नए वायरस का नाम बीआरजेड बीएटी कोविड रखा गया है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे पेपर में यह जानकारी दी है।

### वैज्ञानिकों की इस पर क्या राय है?

वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि बीआरजेड बीएटी सीओवी वायरस कोविड से मिलता-जुलता नहीं है, बल्कि यह ऊंट फ्लू वायरस से ज्यादा करीब है। एमईआरएस कोविड से कम फैलता है, लेकिन बहुत ज्यादा घातक है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि बीआरजेड बीएटी सीओवी इंसानों को संक्रमित करता है या चमगादड़ की आबादी से आगे फैल गया है। लेकिन, यह खोज बीआरजेड बीएटी सीओवी की विकास क्षमता और इससे इंसानों को होने वाले खतरेके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती है।

# पाकिस्तानी एस्ट्रोनॉट स्पेस में भेजेगा चीन

**बीजिंग।** चीन की स्पेस एजेंसी ने कहा है कि वो पाकिस्तान दो अंतरिक्ष यात्रियों को ट्रेनिंग देगी और इनमें से एक यात्री को अपने स्पेश स्टेशन तियांगगोंग पर भी भेजेगा, जो वहां पर पाकिस्तान के लिए कुछ रिसर्च कार्य करेगा। चीन-पाकिस्तान दोनों अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक- दूसरे सहयोगी हैं। यही कारण है कि यह पहली बार होगा जब कोई गैर चीनी एस्ट्रोनॉट चीन के स्पेस स्टेशन पर जाएगा। चीन ने अपना स्पेश स्टेशन 2022 के आखिर में पूरी तरह शुरू कर दिया था। इसका नाम 'तियांगोंग' रखा है, जिसका अर्थ 'स्वर्ग का महल' है। तियांगोंग जमीन से लगभग 400 किलोमीटर ऊपर है और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की तरह ही वैज्ञानिक रिसर्च के लिए प्रयोगशाला का काम करता है, जहां चीनी अंतरिक्ष यात्री लगातार रहते हैं। पाकिस्तान में नमीरा सलीम को पहला अंतरिक्ष यात्री माना जाता है। हालांकि, नमीरा किसी मिशन के लिए स्पेस में नहीं गई हैं, बल्कि वो सिर्फ सैर करने के लिए अंतरिक्ष में गई थीं। आम लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराने वाली कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक की सदस्य रही हैं। वो एक लंबे समय से स्पेस टूरिज्म में काम कर रही हैं। कराची में पैदा होने वाली नमीरा लाखों आवेदकों में से चुनी गईं थीं ताकि वे वर्जिन गैलेक्टिक की अंतरिक्ष यात्रा में हिस्सा ले सकें। नमीरा सलीम माउंट एवरेस्ट पर स्काईडाइव करने वाली एशिया की पहली महिला भी हैं।

# इस देश में बिना दुकानदार के चलती हैं दुकानें, नहीं रहता एक भी स्टाफ

**ओस्लो।** नॉर्वे में एक अनोखी शॉपिंग क्रांति हो रही है। यहां बिना किसी स्टाफ के दुकानें 24/7 खुली रहती हैं। टूरिस्ट ने देखा कि क्रेडिट कार्ड स्वाइप या क्यू कोड स्कैन कर दरवाजा खुलता है। अंदर जाकर सामान चुनें, सेल्फ-चेकआउट पर स्कैन करें, ऐप या कार्ड से पेमेंट करें। फिर दरवाजा ऑटोमैटिक खुल जाता है। दुकानों में एआई, कैमरा और आरएफआईडी से चोरी रोकी जाती है। यह सिस्टम ग्रामीण इलाकों और रात में सुविधा देता है। बिना किसी स्टाफ के ऑपरेट होने वाली इन दुकानों में आप खुद अंदर जाकर शॉपिंग कर सकते हैं। आपको अपने क्रेडिट कार्ड से स्टोर का दरवाजा खोलना पड़ता है। इसके बाद आप स्टोर के अंदर जाकर सामान खरीद सकते हैं। सामान को स्कैन कर सकते हैं और बिल पे कर सकते हैं। इसके बाद स्टोर का दरवाजा खुल जाएगा और आप बाहर जा सकते हैं। पढ़ने में ऐसा लग रहा होगा जैसे ये कोई काल्पनिक दुनिया की कहानी है। लेकिन, यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि नॉर्वे की हकीकत है। यहां अनमैन्ड स्टोर्स एक आम बात बन चुकी हैं, जो टेक्नोलॉजी के दम पर 24/7 खुली रहती हैं।



### यूं करें शॉपिंग

एक बार आप स्टोर के अंदर चले गए, उसके बाद ग्राहक सामान चुनते हैं। फिर सेल्फ-चेकआउट मशीन पर बारकोड स्कैन करते हैं। पेमेंट ऐप या कार्ड से होता है। अगर कुछ स्कैन ना किया हो, तो अलर्ट बज जाता है। बाहर निकलते वक्त फिर क्यूआर कोड या कार्ड वैरिफाई करना पड़ता है। यह सिस्टम चोरी रोकने के लिए हाई-टेक है। कैमरे, एआई अल्गोरिद्म और रेफिड टैग्स हर मूवमेंट ट्रैक करते हैं। नॉर्डिक आईडी जैसी कंपनियां रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन रीडर्स इस्तेमाल करती हैं, जो सामान को ऑटोमैटिक पहचानते हैं। अगर कोई सामान बिना पेमेंट के ले जाए, तो सेंट्रल सिक्योरिटी डेस्क को अलर्ट चला जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चोरी की दर पारंपरिक दुकानों से 50% कम है।

# अंतरिक्ष में जल्द दिखेगा सुपरमून का दिलचस्प नजारा, धरती के सबसे करीब आ रहा चांद

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

खगोलविज्ञानियों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों को जल्द ही बेहद शानदार नजारे का दीदार होने वाला है। 5 नवम्बर बुधवार को आसमान में चांद थोड़ा और बड़ा और चमकीला दिखाई देगा। ऐसा सुपरमून की वजह से हो रहा है। सुपरमून तब होता है जब पूर्णिमा का चांद अपनी कक्षा में पृथ्वी के सबसे ज्यादा नजदीक होता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का कहना है कि इस वजह से चांद साल के सबसे धुंधले चांद की तुलना में 30% ज्यादा चमकीला और 14% बड़ा दिखाई देता है।

दरअसल, चंद्रमा पृथ्वी चक्कर लगाता है लेकिन यह कक्षा पूर्ण वृत्ताकार नहीं है। इसलिए जैसे-जैसे यह परिक्रमा करता है, नजदीक और दूर होता जाता है। 5 नवम्बर को होने वाला सुपरमून इस साल के तीन सुपरमून में से दूसरा और सबसे नजदीकी है। इस दौरान चांद पृथ्वी से लगभग 357000 किलोमीटर की दूरी पर होगा।



### समुद्र में उठ सकता है ज्वार

लोवेल ऑब्जर्वेटरी के खगोलशास्त्री लॉरेंस वासरमैन का कहना है कि सुपरमून के दौरान समुद्र में ज्वार थोड़ा ज्यादा हो सकता है, क्योंकि चांद पृथ्वी के ज्यादा नजदीक होगा। हालांकि, यह अंतर ज्यादा दिखाई नहीं देगा। अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती।

### कैसे दिखाई देगा सुपरमून?

अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती। हालांकि, चंद्रमा के आकार में परिवर्तन को नंगी आंखों से देख पाना कठिन हो सकता है। खगोल विज्ञानियों का कहना है कि यह अंतर अन्य तस्वीरों या अवलोकनों की तुलना में सबसे साफ होता है। सुपरमून शब्द पहली बार 1979 में खगोलशास्त्री रिचर्ड नोले ने इस पूर्ण चंद्रमा के लिए इस्तेमाल किया था, जो साफ तौर पर बड़े और चमकीले दिखाई देते हैं। नवम्बर का बीवर मून इस साल पृथ्वी का सबसे निकटतम पूर्ण चंद्रमा होगा, इसलिए यह सबसे चमकीला होगा और सबसे बड़ा दिखाई देगा।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com